www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, रविवार, 12 नवम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक-218 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए






## शुभकामनाएं

दीप पर्व पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं एवं शुभचिंतकों को देशबन्धु परिवार की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।

– संपादक

## अवकाश की सूचना

दीपावली पर्व पर देशबन्धु कार्यालय में 12 नवम्बर को अवकाश रहेगा। पाठकों को देशबन्धु का अगला अंक मंगलवार, 14 नवंबर को प्राप्त होगा।

– प्रबंधक

## सार संक्षेप

### संसद के शीतकालीन सत्र की अधिसूचना जारी, 15 बैठकें होंगी



**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के चार दिसंबर से शुरू होने संबंधी अधिसूचना शुक्रवार को जारी की गयी जिसके अनुसार 19 दिन का यह सत्र 22 दिसंबर तक चलेगा। लोकसभा सचिवालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार सत्रहवीं लोकसभा का चौदहवां सत्र चार दिसंबर से शुरू होगा, जिसके 22 दिसंबर तक चलने की संभावना है। उन्नीस दिनों के इस सत्र के दौरान सदन की 15 बैठकें होंगी।

### वाम दलों ने इजराइल पर मोदी सरकार को घेरा



**नई दिल्ली।** भारत के वामपंथी राजनीतिक दलों ने भारत और अमेरिका के रक्षा तथा विदेश मंत्रियों की एक साथ हुई बैठक में हमास के खिलाफ इजरायली सेना की कार्रवाई को तत्काल रोकने की दुनिया भर में उठ रही मांग का समर्थन न करने के मोदी सरकार के रुख की कड़ी आलोचना की है। उनका कहना है कि इस तरह का रुख इजरायल की कार्रवाई को वैधता प्रदान करने वाला है।

### राजधानी में बारिश के बाद प्रदूषण हुआ में थोड़ा कम



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में 10 नवंबर को हुई बारिश के बाद हवा में प्रदूषण कम हुआ है। पूरे दो हफ्ते बाद दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 के कम दर्ज किया गया। शनिवार (11 नवंबर) को दिल्ली का ओवरऑल वायु गुणवत्ता सूचकांक 219 रहा। हालांकि, एयर क्वालिटी अब भी बहुत खराब है।




# दीयों से जगमगाया सरयू घाट

अयोध्या के सरयू घाट पर आज दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान 22 लाख से ज्यादा दीये सरयू नदी के घाट पर जलाए गए हैं। जिसके बाद एक बार फिर सरयू घाट पर रिकॉर्ड बन गया है। इसके अलावा रेजर शो, आतिशबाजी भी की गई। इससे पहले सुबह श्रीराम के अयोध्या आगमन को प्रतीकात्मक रूप में दर्शाते हुए भव्य शोभा यात्रा निकली गई। दोपहर में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण पुष्पक विमान से अयोध्या पहुंचे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी सभी का स्वागत किया।

# उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने की तैयारी

## जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति का किया गया था गठन

**देहरादून,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जल्द ही उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता हो सकता है। सूत्रों की मानें तो रंजना देसाई के नेतृत्व में बनी समिति दिवाली

- राज्य में जल्द बुलाया जा सकता है विशेष सत्र
- दिवाली के बाद कमेटी दे सकती है रिपोर्ट

बाद अगले एक या दो दिन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रिपोर्ट सौंप सकती है। इसे लेकर राज्य में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी भी की जा रही है। माना जा रहा है नवंबर के अंत या दिसंबर के पहले हफ्ते तक विशेष सत्र बुलाकर यूसीसी को कानून का रूप दे दिया जाएगा।



अगर ऐसा हुआ तो उत्तराखंड देश का पहला ऐसा राज्य बन जाएगा जहां पर यूसीसी लागू होगा।

### यूसीसी को कानूनी रूप दे देगी सरकार

उत्तराखंड सरकार लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश में यूसीसी को कानूनी रूप दे देगी। 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान पुष्कर सिंह धामी ने वोटिंग से एक दिन पहले ही उत्तराखंड में भाजपा सरकार आने पर समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया था। ऐसे में धामी सरकार यूसीसी को लेकर फाइनल तैयारी भी कर चुकी है। रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित एक्सपर्ट कमेटी ने इसका फाइनल ड्राफ्ट भी तैयार कर लिया है और अभी से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपने की तैयारी की जा रही है।

### बेटियों के लिए समान अधिकार पर जोर दिया

सूत्रों की माने तो यूसीसी रिपोर्ट में लैंगिक समानता और पैतृक संपत्तियों में बेटियों के लिए समान अधिकार पर जोर दिया गया है। हालांकि, यह महिलाओं की विवाह आयु को बढ़ाकर 21 वर्ष करने का सुझाव नहीं दिया गया है। समिति की सिफारिश में कहा गया है कि महिलाओं के लिए विवाह की आयु 18 वर्ष ही बरकरार रखी जानी चाहिए।

### ढाई लाख लोगों से की गई है बात

इसके बाद 27 मई 2022 को जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। इसमें चार सदस्य शामिल हैं। समिति ने प्रदेशभर में तकरीबन ढाई लाख लोगों से बात कर यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट तैयार किया है। जानकारों के मुताबिक भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को लगता है कि लोकसभा चुनाव से पहले उत्तराखंड में यूसीसी लागू कर दिया जाता है तो इसे चुनावी मुद्दा बनाया जा सकता है और इसका फायदा भी भाजप को मिल सकता है।

## मध्य प्रदेश में भाजपा का संकल्प पत्र जारी

# लाड़ली बहनों को पक्के मकान का वादा

**भोपाल,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए आज जारी किए गए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणापत्र (संकल्प पत्र) में महिलाओं, गरीबों, किसानों, युवाओं और विद्यार्थियों के साथ ही अन्य वर्गों को ध्यान में रखकर अनेक लोकलुभावन वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र का नाम प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी का चेहरा आगे रखकर मोदी की गारंटी, भाजपा का भरोसा, मध्यप्रदेश का संकल्प पत्र 2023 दिया गया है। भाजपा

### संकल्प पत्र के वादे

- गेहूं 2700 रु., धान 3100 रु. प्रति क्विंटल पर खरीदेंगे
- हर परिवार में कम से कम एक रोजगार या स्वरोजगार
- हर लोकसभा में मेडिकल कॉलेज, 5 साल में 2000 सीटें और जोड़ेंगे
- बघेली, बुंदेली, गोंडी और भीली साहित्य अकादमियों की स्थापना
- भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का नया कैम्पस बनाएंगे
- जबलपुर और ग्वालियर में कमिश्नर प्रणाली लागू करेंगे
- 2 लाख युवाओं को इसमें रोजगार-स्वरोजगार देंगे

- आईआईटी की तर्ज पर एमआईटी खोलेंगे

अध्यक्ष जे पी नड्डा ने यहां पत्रकारों के समक्ष संकल्प पत्र के नाम से 90 से अधिक पेज का घोषणापत्र जारी किया।

### छात्राओं को पीजी तक मुफ्त शिक्षा

गरीब, किसान लगभग हर वर्ग को साधा गया है। लाडली बहनों को पक्के मकान, गरीब परिवार के छात्रों को केजी से 12वीं तक तो छात्राओं को पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने का वादा किया गया है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की तर्ज पर मध्यप्रदेश के हर संभाग में मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी खोलेंगे।



# चुनाव में भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं : जयराम

**ईडी एवं सीबीआई व ध्रुवीकरण का ले रही सहारा**

**जयपुर,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संचार) एवं सांसद जयराम रमेश ने राजस्थान विधानसभा आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास कोई मुद्दा नहीं होना एवं गलत प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह चुनाव में जनता का जनादेश पाने के लिए ईडी एवं केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और ध्रुवीकरण का सहारा ले रही है। श्री रमेश शनिवार को यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

# बीमार पत्नी से मिलने पहुंचे सिसोदिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बीमार पत्नी सीमा से मिलकर फिर से तिहाड़ जेल रवाना हो गए। सिसोदिया शनिवार 11 नवंबर को सुबह 10 बजे घर पहुंचे थे। कोर्ट ने उन्हें शाम 4 बजे तक यानी कुल 6 घंटे का वक्त दिया था। सिसोदिया ने 9 नवंबर को राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका दाखिल कर बीमार पत्नी से मिलने के लिए 5 दिनों का समय मांगा था। कोर्ट ने उन्हें केवल एक दिन के लिए पत्नी सीमा से मिलने की इजाजत दे दी थी।

## कई राज्यों में पिछले 12 महीने सबसे गर्म रहे

# भारत में दुनिया के मुकाबले 3 गुना तापमान बढ़ा

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। नवंबर 2022 से अक्टूबर 2023 तक हर महीना इतिहास का सबसे गर्म महीना रहा है। ये 12 महीने दुनियाभर में 1890-1900 के औसत तापमान से 1.3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा गर्म रहे। क्लाइमेट सेंट्रल नाम की एक अंतरराष्ट्रीय संस्था ने वेदर एट्रीब्यूशन एनालिसिस में ये जानकारी दी है। इस अध्ययन के मुताबिक, दुनिया के 170 देशों का औसत तापमान बढ़ा है, जिसके चलते 780 करोड़ लोग औसत से अधिक गर्म माहौल में रहने को मजबूर हुए। आइसलैंड जैसे इलाकों में साल का औसत तापमान सामान्य से कम रिकॉर्ड किया गया। भारत उन देशों में शामिल रहा, जहां क्लाइमेट चेंज का



सबसे ज्यादा असर दिखा। दुनिया में तापमान जितना बढ़ा, उससे तीन गुना ज्यादा भारत में बढ़ा है। वेदर एट्रीब्यूशन स्टडी के मुताबिक,

- दुनिया के 170 देशों का औसत तापमान बढ़ा


पिछले 12 महीने में दुनिया की 570 करोड़ आबादी को कम से कम 30 दिन औसत से अधिक तापमान में रहने को विवश होना पड़ा।

### 12 शहरों में सामान्य से ज्यादा तापमान

एक साल के दौरान देश के 12 शहरों में 100 दिन तापमान सामान्य से ज्यादा रहा। इनमें आईजोल, ठाणे, विशाखापट्टनम, पणजी, गुवाहाटी, दिसपुर, शिलॉन्ग, बेंगलुरु, इंफाल, तिरुवनंतपुरम, कवरत्ती और पोर्ट ब्लेयर शामिल है।

भारत की 120 करोड़ आबादी को 30 दिन अधिक तापमान में गुजारने पड़े। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान को छोड़कर सभी राज्यों में पिछले 12 महीने सबसे गर्म रहे।







# कमलनाथ के खिलाफ इंदौर में लगे विवादित पोस्टर

**इंदौर,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। चुनावी माहौल में अब विवादित और आपत्तिजनक पोस्टर लगाने की राजनीति शुरू हो गई है। इंदौर के पाटनीपुरा क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के खिलाफ विवादित पोस्टर लगे। जिस पर कांग्रेस ने आपत्ति दर्ज कराई और चुनाव आयोग को शिकायत की। इसके बाद एमआईजी पुलिस ने केस दर्ज किया है। पोस्टर पर पंजाब में आंतकियों की फंडिंग से जुड़े आरोप लगाए गए थे। होर्डिंग में लगाने वाले का नाम मध्य प्रदेश युवा मंच लिखा गया है। शिकायत के बाद पोस्टर हटा लिए गए। नगर निगम ने संपत्ति विरुपण अधिनियम के तहत भी एक्शन लिया है, क्योंकि जिस गेंट्री पर पोस्टर लगा था। वह नगर निगम की संपत्ति है औरर पोस्टर लगाने की अनुमति भी नहीं ली गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे से फुटेज भी खंगाले। पुलिस को पोस्टर लगाने वालों की जानकारी




मिली है। पाटनीपुरा चौराहे के समीप गत शुक्रवार को कमलनाथ, आंतकवाद और पंजाब पर टिप्पणी करते हुए पोस्टर लगाया गया था। पोस्टर पर मध्य प्रदेश युवा मंच भी लिखा हुआ था। कांग्रेस की शिकायत के बाद सक्रिय हुए पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों से पोस्टर लगाने वालों की जानकारी जुटाई। सूत्रों के अनुसार कुछ युवकों की पहचान सीसीटीवी कैमरों के जरिए हुई है।










## नेहरू की गलती से चीन ने कब्जाई भारत की जमीन : राजीव

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने एक पोस्ट के जरिए कांग्रेस नेता व देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा कि नेहरू की गलत फॉरवर्ड नीति स्पष्ट रणनीतिक गलती थी। इसका उद्देश्य तो चीन द्वारा कब्जा किए गए जमीन को वापस पाना था, लेकिन भारत को और अधिक जमीन खोनी पड़ी थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अपने चुने हुए जनरल पीएन थापर और लेफ्टिनेंट जनरल बृज मोहन कौल के नेतृत्व में कमजोर हथियारों से लैस और कम तैयार सशस्त्र बलों को आदेश दिया कि चीन-भारत सीमा पर विवादित क्षेत्रों में सैन्य चौकियां स्थापित करनी है।




## राजस्थान की 200 सीटों पर आप को नहीं मिले उम्मीदवार

**जयपुर,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के सत्ता संग्राम में 200 विधानसभा सीटों पर 1875 उम्मीदवार अपनी किस्मत अजाम रहे हैं। चुनाव लड़ने के लिए 3432 नामांकन भरे गए थे। कुछ प्रत्याशियों ने एक से ज्यादा नामांकन भी भरे थे। चुनाव आयोग ने जांच के बाद 396 नामांकन रद्द कर दिए, जबकि 490 प्रत्याशियों ने नामांकन वापस ले लिए। अब 25 नवम्बर को मतदान के बाद 1875 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम मशीन में कैद हो जाएगा। तीन दिसंबर को मतगणना के बाद प्रदेश को 200 नए विधायक मिल जाएंगे।

**इन पार्टियों के प्रत्याशी चुनावी मैदान**

इस चुनाव में कांग्रेस ने प्रदेश की 199 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। वहीं, भाजपा ने पूरी 200 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए हैं। बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) से 185 प्रत्याशी मैदान हैं। प्रदेश की 200 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) को उम्मीदवार नहीं मिले, वह महज 58 सीटों पर ही प्रत्याशी उतार सकी। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) 78, भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) 58 और आजाद समाज पार्टी (एएसपी) से 47 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। आरएलपी से एक प्रत्याशी डॉ. सुभाष गर्ग भरतपुर से चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस ने आरएलपी से गंठबंधन करते हुए इस सीट पर प्रत्याशी नहीं उतारा है। लाल डायरी का जिक्र कर राजस्थान की राजनीति में तहलका मचाने वाले राजेंद्र गुढ़ा शिवसेना के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।






# कैपिटल ज़ोन

उवाच “

शादी प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत दिव्यांग दम्पत्ति को शादी प्रोत्साहन योजना के तहत 35000 रूपए की धनराशि प्रदान की जाती थी, परन्तु दिव्यांग दम्पत्ति को शादी पंजीकरण करना आवश्यक था जिससे दिव्यांगजनों पर अतिरिक्त व्यय भार पड़ रहा था तथा कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता था इसलिए दिव्यांग दम्पत्ति को शादी प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। **नरेन्द्र कश्यप, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार )**

# महादेव ऐप के 18 आरोपियों पर लगाया गैंगस्टर

**नोएडा,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। देश भर में चर्चित महादेव बेटिंग ऐप के माध्यम से करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले 18 आरोपियों के खिलाफ नोएडा पुलिस गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की है।

- **सीपी के निर्देश पर हुई कार्रवाई**
- **बेटिंग के जरिए की थी करोड़ों की ठगी**



पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर ये कार्रवाई की गई। केंद्र सरकार ने ईडी के आग्रह पर महादेव सट्टेबाजी ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया है। ऐप को बंद करने के लिए नोएडा पुलिस ने भी पत्र लिखा था। इस बेटिंग ऐप के चलते ही कई फिल्म स्टार भी अलग-अलग एजेंसियों के रडार पर हैं।

दरअसल 7 फरवरी को नोएडा पुलिस ने एक इंटरनेशनल गेमिंग बैटिंग साइट (महादेव गेमिंग ऐप) का भंडाफोड़ किया था। पुलिस ने इस मामले में यूपी के अलग-अलग शहरों से 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने डेढ़ माह में करीब 400 करोड़ रुपए से ज्यादा के ट्रांजैक्शन किए थे। इनका सरगना दुबई से बैठकर यहां गेमिंग को ऑपरेट करता हुआ मिला था। इस एप का लीडर महादेव बुक के ऑनर सौरभ चंद्राकर है।

जिन समय नोएडा में इस गैंग को पकड़ा था उसने दो माह में 10 बैंकों के 26 फर्जी बैंक खातों में 4 अरब 5 करोड़ 91 लाख 90 हजार रुपए के ट्रांजैक्शन की जानकारी मिली थी। इन पैसों को अन्य बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया गया था। शेष 1 करोड़ 86 लाख से ज्यादा की रकम को पुलिस ने फ्रीज की थी। पुलिस ने तरुण लखेरा, राहुल, अभिषेक, आकाश साहु, हिमांशु, अनुराग वर्मा, विवेक, दीपक, विशाल शर्मा, अभी रावत, दिव्य प्रकाश, हर्षित चौरासिया, आकाश तिवारी, नीरज गुप्ता, आकाश जोशी और दीपक को गिरफ्तार किया है।

### छत्तीसगढ़ के चुनावों में बना था मुद्दा

छत्तीसगढ़ के चुनावों में महादेव एप बड़ा मुद्दा बना था। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने राज्य के मुख्यमंत्री को महादेव ऐप के जरिए करोड़ों रुपये मिलने का आरोप लगाकर चुनाव में घेरा था। इसके ऊपर काफी खींचतान हुई थी।

### इन देशों में फैला है नेटवर्क

महादेव ऐप का ऑनर सौरभ चंद्राकर है। इसने छत्तीसगढ़ से मोबाइल के जानकारों को दुबई ले गया। दुबई से इसने सट्टे का खेल शुरू किया। जो अब पाकिस्तान, नेपाल, बंग्लादेश श्री लंका समेत 11 देशों में है। वहां इसके पार्टनर सट्टे का खेल महादेव बुक, रेड्डी अन्ना और अंबानी बुक का संचालन कर रहे है। महादेव प्रतिमाह करीब 250 से 300 करोड़ रुपए की कमाई कर रहा था। यानी रोजाना करीब 5 करोड़ रुपए के आसपास सट्टा खिलवाया जा रहा था।

# पिछड़ों को शिक्षित व प्रभावी एवं दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ेंगे : नरेन्द्र कश्यप

**गाजियाबाद,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने शनिवार को विभागीय उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार की सफलताओं से प्रभावित होकर विश्व-विख्यात जगतगुरू रामभद्राचार्य के द्वारा स्थापित जगतगुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट को उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन देने का निर्णय लिया। जिसे उत्तर प्रदेश सरकार ने विधान मंडल द्वारा विधेयक पेश करके राज्य विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता प्रदान कर दी है। अब उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजनों के उच्च शिक्षा के लिए डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय सहित दो विश्वविद्यालय हो गए हैं जिनके माध्यम से दिव्यांगजनों को शिक्षित बनाकर सशक्त किया जाएगा।

- **मंत्री ने विभागीय उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला**




मंत्री ने कहा कि शादी प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत दिव्यांग दम्पत्ति को शादी प्रोत्साहन योजना के तहत 35000 रूपए की धनराशि प्रदान की जाती थी, परन्तु दिव्यांग दम्पत्ति को शादी पंजीकरण करना आवश्यक था जिससे दिव्यांगजनों पर अतिरिक्त व्यय भार पड़ रहा था तथा कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता था इसलिए दिव्यांग दम्पत्ति को शादी प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के द्वारा राज्य दिव्यांग आयुक्त के माध्यम से दिव्यांगजनों की समस्याओं का निस्तारण लखनऊ स्थित कार्यालय से किया जा रहा है, परन्तु वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए मोबाइल कोर्ट के माध्यम से विभिन्न जनपदों में राज्य दिव्यांग आयुक्त द्वारा दिव्यांगजनों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। गाजियाबाद, कानपुर, वाराणसी आदि जनपदों में मोबाइल कोर्ट के माध्यम से दिव्यांगजनों की समस्याओं को सुना जा रहा है। मोबाइल कोर्ट व्यवस्था दिव्यांगजनों के लिए बहुत ही उपयोगी साबित हो रही है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब छात्रों को छात्रवृत्ति हेतु बजट में अतिरिक्त इस वर्ष 435 करोड़ की व्यवस्था की गई है व अन्य कार्यों के लिए 167 करोड़ की बजट में वृद्धि की गई है। शिक्षण संस्थानों में अध्यनरत अन्य पिछड़े वर्ग के गरीब छात्र व छात्राओं के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2023-24 में ऐसे छात्रावासों के अनुरक्षण हेतु विशेष प्रयास कर 1.25 करोड़ रूपए की बजट व्यवस्था पहली बार करायी गई है। प्रेस वार्ता में भाजपा महानगर कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, सौरभ जयसवाल मंत्री प्रतिनिधि एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी ओबीसी मोर्चा विशाल कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मृतक परिवार से मौत के बारे में ली जानकारी



**बुलंदशहर।** थाना क्षेत्र जहांगीराबाद गांव जलीलपुर जनपद बुलंदशहर में पुलिस की गिरफ्तारी के दौरान सलीम की हुई मौत के प्रकरण में कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर जनपद बुलंदशहर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश भाटी प्रतिनिधिमंडल के साथ गांव जलीलपुर पहुंचकर मृतक सलीम के परिजनों में गांव वासियों व उनके पुत्र वसीम उनके वालिद से मिलकर घटना की पूर्ण जानकारी ली तथा प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई पर भी उप जिला अधिकारी अनूपशहर नवीन कुमार से वार्ता कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष व पार्टी द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेने की बात कही परिजनों द्वारा पुलिस पर आरोप लगाते हुए गिरफ्तारी के दौरान मृत्यु होने की बात कही जिस पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष के साथ पूरे प्रतिनिधिमंडल ने जिसमें ठाकुर राकेश भाटी, जिला महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव, अल्पसंख्यक के जिला अध्यक्ष डॉ. सुजात अली, नगर अध्यक्ष जहांगीराबाद इंतजार, अध्यक्ष सलाम खां एवं बबलू कुरैशी अनूपशहर द्वारा शांतुनाव्यक्त कर परिजनों से प्रदेश अध्यक्ष जी तथा कांग्रेस पार्टी के इस दुख की घड़ी में उनके साथ होने तथा प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई कराकर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

### दिल्ली एनसीआर में भूकंप के झटके

**नोएडा।** दिल्ली एनसीआर में एक बार फिर शनिवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। उत्तरी दिल्ली में दोपहर तीन बजकर 36 मिनट पर ये झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.6 आंकी गई है। भूकंप आने के बाद दिवाली की तैयारियों में जुटे लोगों में दहशत का माहौल हो गया और सभी लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। बता दें इस महीने में तीसरी बार दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इससे पहले छह नवम्बर को दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर से भूकंप के झटके लगे। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 5.6 मापी गई थी। भूकंप का केंद्र भी नेपाल ही था। दिल्ली के अलावा उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में भी महसूस किए गए थे। जर्मन रिसर्च सेंटर के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 पर मापी गई। वहीं नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार तीव्रता 6.4 रही थी। भूकंप का केंद्र का नेपाल में था। तेज भूकंप के झटके से लोगों में काफी दहशत थी। भूकंप की तीव्रता इतनी जोरदार थी कि लोग अपने घरों से निकलकर सड़कों पर आ गए थे। भूकंप की कंपन कुछ सेकंड तक महसूस हुई।

# राहुल को पार्टी लोकेशन पर लेकर पहुंची नोएडा पुलिस, दी अहम जानकारी

**नोएडा,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। एल्विश केस में पांचों आरोपियो की रिमांड दिवाली की शाम 4 बजे तक पूरी हो जाएगी। इससे पहले शनिवार को नोएडा पुलिस वहां पहुंची जहां राहुल सांप और सपेरों को लेकर पार्टीस में गया था। राहुल ने उनको वहां काफी अहम जानकारी दी। पुलिस की नजर से वह कैसे बचते बचाते पार्टी में सांपो को लेकर जाता था। उन रास्तों को और आने जाने के तरीको को वैरीफाई राहुल से कराया गया। इस दौरान बार्डर और टोल नाकों से भी राहुल कैसे बच जाता था इसकी जानकारी भी ली गई। राहुल को लेकर टीम सबसे पहले गुरुग्राम के फाजिलपुर गांव गई। ये सिंगर फाजिलपुरिया का गांव है। राहुल ने अपने बयान में बताया कि उसने सबसे ज्यादा पार्टीस गुरुग्राम के गांवों में की। यहां मोबाइल लोकेशन के आधार पर उस स्थान पर गए जहां पार्टी आर्गनाइज की गई थी। वैरिफाई करने के लिए वहां लोगों से बातचीत की गई और साक्ष्य जुटाए गए। इसके बाद टीम सपेरों और राहुल के साथ सेक्टर-51 बैंक्यूवेट हॉल पहुंची। नोएडा के रास्तों के बारे में भी पूछताछ की।

- **गुरुग्राम, सेक्टर-51 के बैंक्यूवेट हॉल में लेकर जाकर की पूछताछ**

### एक टीम जयपुर के लिए रवाना

नोएडा पुलिस की एक टीम जयपुर भी गई है। राहुल के मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस वहां भी जाकर पूछताछ और रेव पार्टी से संबंधित जांच करेगी। पुलिस सूत्रो के मुताबिक ये पूरा सिंडिकेट है। जो सांपो के जहर, पार्टी के कार्यक्रम को आर्गनाइज कर रहा है। इसमें सिर्फ राहुल नहीं बल्कि और लोग भी जिनके नामों का जल्द खुलासा हो सकता है।

### सबूत जोड़कर बनाएंगे एक कड़ी

दो दिन की पूछताछ के बाद मिले साक्ष्यो, इलेक्ट्रॉनिक एडविडेंस और बयानों को एक क्रम में जोड़कर कड़ी बनाएगी। इसके दायरें में जो भी आएगा नोएडा पुलिस उससे पूछताछ कर सकती है। इन बयानों और साक्ष्यो को चार्जशीट में शामिल किया जाएगा। अभी पूछताछ का सिलसिला जारी है। बताया गया कि पूछताछ के क्रम में पहले इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस के जरिए पूछताछ की गई। इसके बाद उन स्थानों पर ले जाया गया। अब पुलिस इनके सोशल मीडिया कंटटेंट, वाट्सएप चेट और फारेन पार्टी पर पूछताछ करेगी।

### एल्विश ने फिर किया एक पोस्ट

नोएडा पुलिस ने उसे हाजिर होने के लिए नोटिस जारी किया है। गुरुग्राम के एक अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। इसके बाद भी एल्विश ने आज एक नया पोस्ट जारी किया। इस पोस्ट में वह अपने भाई के साथ है और अपने घर पर मां के साथ है। हालांकि पोस्ट की शुरुआत में वो कोई इंपोरटेंट बात बताने का जिक्र करते है। लेकिन अंत तक उसे नहीं बताते।

# रंगबिरंगी रोशनी में नहाया नोएडा का पहला सिग्नेचर ब्रिज

**नोएडा,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। नोएडा का सिग्नेचर ब्रिज दिवाली की रात रंगबिरंगी रोशनी में नहाया हुआ नजर आएगा। इसके लिए यहां डायरेक्टिव आरजीबी कलर फुल लाइटिंग की गई है। ये लाइटिंग ऑटोमेटिक है और अपने अंतराल पर ये अपना रंग बदलती है। आमतौर पर ये सात से ज्यादा रंग बदल सकता है। इसको ब्रिज पर लगा दिया गया है। जिसका डेमो भी हो चुका है। आज से इसे शुरू कर दिया जाएगा। खास ये है कि आने जाने वाले वाहन चालकों को इस रोशनी से कोई इफेक्ट नहीं पड़ेगा। ये लाइटिंग ब्रिज के वायरों पर की गई है। नोएडा का ये पहला सिग्नेचर ब्रिज है। पूरे ब्रिज को 220 गर्डर और 3 पिलर पर खड़ा किया गया है। यह ब्रिज 28 केबिल पर लटका हुआ है। इसी केबिल पर ही लाइटिंग की गई है। वहीं शहर के अन्य प्रोजेक्टों को भी लाइटिंग से सजाया जाएगा। इसके अलावा शहर के बाजारों में भी लाइटिंग की जाएगी।

**अंडरपास में लाइटिंग के लिए तैयार किया जा रहा प्रस्ताव**

### सभी अंडरपास की लाइटिंग में होगा बदलाव

नोएडा के सभी अंडरपास में लगी हुई फसाड लाइटों को बदला जाएगा। ईएंडएम की ओर से एक प्रस्तुतीकरण तैयार किया गया है। इसे सीईओ के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। जिसमें तय होगा कि अंडरपास में कौन सी लाइटिंग की जाए। जिस लाइटिंग को अप्रूवल मिलेगा उसे निर्माणाधीन और वर्तमान में चल रहे सभी अंडरपास में लगाया जाएगा। फिलहाल अभी अंडरपास में लगी फसाड लाइटों को बंद किया गया है। इसकी वजह बताई जा रही है ये लाइट ट्रैफिक फ्लोट को दिक्कत कर रही थी। बता दे नोएडा के सेक्टर-18 अंडरपास, रजनीगंधा अंडरपास, सिटी सेंटर, सेक्टर-24, सेक्टर-71 और एक्सप्रेस वे पर बने अंडरपास और सेक्टर-94 अंडरपास में नई लाइटिंग की जाएगी।



# प्रेरणा मीडिया में पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन

**नोएडा,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली को लेकर पूरे देश में उत्साह अपने चरम पर है। प्रेरणा मीडिया भी दीपावली को बड़े उत्साह के साथ मना रहा है इसी क्रम में सेक्टर-62 स्थित प्रेरणा मीडिया संस्थान नोएडा द्वारा दीपावली के अवसर पर पत्रकार मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में देश के वरिष्ठ पत्रकार शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति में पर्व त्योहारों का विशेष महत्व है। सबके जीवन को कैसे आन्नदित और उत्साहित बनाया जाए इस पर भी हम लोगों को काम करना चाहिए। इस बार दीपावली को और उत्साहित करने वाला काम अयोध्या में हो रहा है। जहां पांच सौ वर्षो के संघर्ष के बाद अब राम मंदिर बन रहा है। राम मंदिर का उत्सव समाज का उत्सव होना चाहिए। पहले परिस्थितियां ऐसी थी पता भी नहीं था कि वहां कभी राम मंदिर बन भी पाएगा या नहीं। लेकिन हमारे पूर्वजों ने पांच सौ वर्षों तक इस जमीन और मंदिर के लिए जो संघर्ष किया है वह अतुलनीय है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। यह महोत्सव केवल अयोध्या का नहीं बल्कि पूरे देश का उत्सव होना चाहिए। हमें सामाजिक एकता समरूपता को जोड़ना चाहिए। संसद टीवी के वरिष्ठ संपादक श्याम किशोर ने देशवासियों के स्वस्थ संपन्न और प्रसन्न जीवन की कामनाएं की। यूपी उत्तराखंड के प्रचार प्रमुख कृपा शंकर ने पत्रकारों को दिवाली की शुभकामनाएं दी।

# फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव की प्रक्रिया स्थगित

**नोएडा,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। डिप्टी रजिस्ट्रार ने फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) चुनाव की प्रक्रिया पर रोक लगा दी। कई सेक्टर की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने इस बारे में शिकायत की थी। डिप्टी रजिस्ट्रार ने शिकायतों के निपटारा होने तक निर्वाचन की कार्यवाही स्थगित करने के आदेश दिए है।

**पदाधिकारियों की शिकायत के बाद डिप्टी रजिस्ट्रार ने शिकायतों का निपटारा होने तक रोक लगाई**

सेक्टर-27 के बी ब्लॉक निवासी मनीष शर्मा, सेक्टर-27 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष राजीव गर्ग, सेक्टर-61 के आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष राजीव चौधरी और फोनरवा के संस्थापक सदस्य पीएस जैन ने अनियमिताओं का जिक्र करते हुए डिप्टी रजिस्ट्रार से शिकायत की। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निपटारा होने के बाद ही फोनरवा का चुनाव कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने उक्त अनियमितताओं से जिला प्रशासन को भी अवगत कराया। जिला प्रशासन ने भी शिकायतों का निपटारा करने के लिए डिप्टी रजिस्ट्रार को शिकायत पत्र प्रेषित किया।

डिप्ट्री रजिस्ट्रार ने पत्र के माध्यम से कहा कि फोनरवा द्वारा दो नवम्बर 2023 के पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया था कि डिप्टी कार्यालय का पत्र 26 अक्तूबर 2023 और 31 अक्टूबर 2023 के पत्र के साथ समस्त संलग्नक पत्र प्राप्त नहीं हुए है। अब समस्त पत्र संलग्रक करके इस आशय के साथ फोनरवा को प्रेषिक किए जा रहे हैं कि सभी शिकायत पत्रों के प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर साक्ष्यों के साथ स्पष्ट जवाब प्रस्तुत करना होगा।

### क्या है विवाद

इस चुनाव की प्रक्रिया में फोनरवा के सदस्यों की सदस्यता और फोनरवा के कार्यकाल की वैधता को लेकर विवाद की विभिन्न स्तरों से शिकायतें डिप्टी रजिस्ट्रार तक पहुंच रही थीं। इसके साथ ही चुनाव अधिकारियों के रवैया और कार्यप्रणाली को लेकर भी राजीव गर्ग पैनल की तरफ से सवाल उठाए जा रहे थे। आरोप है कि चुनाव अधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई। डिप्टी रजिस्ट्रार ने फोनरवा को निष्पक्ष निर्वाचिन करने के निर्देश दिए हैं।

# पेट्रोल पंप कर्मचारियों से साढ़े नौ लाख लूटने वाले पांच लुटेरे गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम व स्वाट टीम ट्रांस हिंडन ने शनिवार को चार दिन पहले को पैट्रोल पम्प कर्मचारियों से 9.56 लाख का कैश की लूट करने वाले 5 शातिर लुटेरों को गिरफतार किया है। इनके कब्जे से लूटे गए 4.70 लाख रुपए नगद, 1 पिस्टल देशी मय 2 जिंदा कारतूस व 2 खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व स्कूटी बरामद की गई है।




पुलिस उपायुक्त (ट्रांस हिंडन)शुभम पटेल ने बताया कि 7 नवम्बर को थाना इंदिरापुरम क्षेत्रान्तर्गत स्थित पैट्रोल पम्प के कर्मचारियों से मंगल चौक के पास कैश जमा कराने जाते समय 2 अज्ञात बाइक सवारो ने 9.56 लाख रुपए कैश की लूट की थी। थाना इंदिरापुरम पर वादी दीपक कुमार की लिखित तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत घटना के सफल अनावरण के लिए टीमें गठित की गई थी। घटना मे थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम व स्वाट टीम ट्रांस हिंडन ने सर्विलांस, मैनुएल मुखबरी व सीसीटीवी फुटेज व साक्ष्य एकत्र करते हुए हिण्डन बैराज के निकट गांव कनावनी के पास पुलिस मुठभेड़ के दौरान घटना को कारित करने वाला मुख्य अभियुक्त अमित पाल उर्फ मोनू निवासी हरवंश नगर थाना नंदग्राम को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। साथ ही लूट की घटना में शामिल राहुल निवासी चक्की वाली गली हरवंश नगर, राजेश निवासी पार्वती धर्मशाला के पीछे घुकना संदीप निवासी हरवंशनगर, यश कुशवाहा निवासी पीला क्वार्टर लोहिया नगर को छजारसी कट दिल्ली मेरठ हाइवे से गिरफ्तार किया। घटना मे शामिल मुख्य अभियुक्त अभिषेक उर्फ लैपर्ड की तलाश की जा रही है।

मुठभेड़ में गिरफ्तार मुख्य अभियुक्त अमित उर्फ मोनू व अन्य से पूछताछ की गई तो यह तथ्य प्रकाश में आये की मुख्य अभियुक्त अमित उर्फ मोनू दुहाई के पास सिगरेट फैक्ट्री गुलडेहर में काम करता था। अक्टूबर 2022 से अमित, राहुल पुत्र राजकुमार ठाकुर के पास पटेल नगर में टूर एंड ट्रेवलस के आफिस में काम कर रहा था। यही पर करीब 4-5 महिने पहले अभिषेक उर्फ लेपर्ड से अमित की मुलाकात हुई। पिछले काफी समय से राहुल का टूर एंड ट्रैवल्स का काम हलका चलने की वजह से राहुल काफी परेशान था। जिस कारण वह अमित की सैलरी समय से नहीं दे पा रहा था। घटना से करीब 15-20 दिन पहले अभिषेक ने राहुल व अमित से कहा कि इन्दिरापुरम स्थित पेट्रोल पम्प से रोजाना 2 कर्मचारी टीवीएस मोटरसाइकल पर सवार होकर मोटा केश लेकर एसबीआई बैंक नीतिखण्ड जमा करने जाते है। इनके पास कोई गार्ड भी नहीं रहता है, इसको लूट ले तो हमारी सारी समस्या दूर हो जाएगी, अभिषेक की बात मान कर राहुल व अमित ने अपने साथी राजेश, संदीप कुमार व यश कुमार कुशवाह को घटना के लिए तैयार किया जिसके बाद सभी 6 लोगो ने मिलकर 7 नवम्बर को मौका पाकर लूट की घटना की थी।

# पीएनबी मेटलाइफ जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन

## सबसे अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने का बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

**नोएडा,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। पीएनबी मेटलाइफ जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप (जेबीसी) ने एक बार फिर इस खेल के इतिहास में नया शानदार विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए अपना नाम दर्ज कराया है। पीएनबी मेटलाइफ जेबीसी के सातवें संस्करण को वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेशन एजेंसी द्वारा मान्यता प्राप्त 'कई शहरों में एक बैडमिंटन चैंपियनशिप में सबसे अधिक बच्चों द्वारा भाग लिया गया' का प्रतिष्ठित खिताब मिला है। आशीष कुमार श्रीवास्तव (एमडी एवं सीईओ) ने कहा कि पीएनबी मेटलाइफ जूनियर बैडमिंटन चैपियनशिप के सातवें संस्करण के




सफल समापन की हमें खुशी है। पिछले वर्ष भी यह रिकॉर्ड पीएनबी मेटलाइफ जेबीसी के नाम था। इस बार चैंपिनशिप ने अपना ही पिछला रिकॉर्ड तोड़ा है। पीएनबी मेटलाइफ जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप (जेबीसी) 2023 के सातवें संस्करण के अंतिम चरण का समापन यहां इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में हुआ, जिसमें जेबीसी के दिल्ली चैप्टर के लिए आयोजित पांच अलग-अलग श्रेणियों में कई बैडमिंटन चैंपियन विजेता बनें।

पीएनबी मेटलाइफ 2023 के सातवें संस्करण के सफल समापन पर बोलते हुए समीर बंसल (चीफ डिस्ट्रिब्यूशन ऑफिसर) ने कहा कि पीएनबी मेटलाइफ जेबीसी के लिए यह वर्ष बेहद शानदार और खास रहा है, क्योंकि इस वर्ष हमारे साथ मेंटर्स के रूप में विश्व चैंपियन चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रांकीरेड्डी भी जुड़े हैं। इन मेंटर्स ने हमारी युवा प्रतिभाओं को बड़े सपने देखने और अपना खेल एवं हुनर बेहतर बनाने में मदद की है। अब हमें अगले संस्करण का बेसब्री से इंतजार रहेगा।

एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट एवं जेबीसी 2023 के मेंटर सात्विक साइराज रांकीरेड्डी ने कहा कि पीएनबी मेटलाइफ जूनियर बैडमिंटन चैपियनशिप जैसे टूर्नामेंट हमारे देश के युवा बैडमिंटन सितारों को इस खेल के लिए तैयार करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए एक बहुमूल्य प्लेटफॉर्म का काम करते हैं। ऐसा माना जाता है कि हमारे देश में प्रतिभाओं की भरमार है और इन उभरते बैडमिंटन खिलाड़ियों का उत्साह, जुनून और कौशल देखते हुए यह भरोसा और भी मजबूत बनता है। जेबीसी के साथ एक मेंटर के रूप में जुड़ना मेरे लिए बेहद गर्व की बात है।

उवाच "

सेक्टर डेल्टा-2 में साफ-सफाई की व्यवस्था खराब है, सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म नहीं हुई, है कुछ कर्मचारियों को कई दिन से लगातार बात करके इधर उधर से शिफ्ट करवाके साफ-सफाई करवाई जा रही कूड़ा उठवाया जा रहा है।

मनीष भाटी, आरडब्ल्यूए उपाध्यक्ष, बीटा-दो



# धरनारत किसानों ने पैदल मार्च निकाल कर किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,**11 नवम्बर (देशबन्धु)। संयुक्त किसान मोर्चा (भू. अ.) के बैनर तले ग्रेटर नोएडा के रामगढ़ गांव में किसानों ने धरने के 27वें दिन फिर से पैदल मार्च करते हुए अंसल बिल्डर और सर्वोत्तम बिल्डर के कार्यालयों पर किया विरोध प्रदर्शन। किसानों के जमीन सम्बन्धी सभी अधिकारों के विषय पर 1 और 2 दिसम्बर को राष्ट्रीय किसान सेमिनार आयोजित कर राष्ट्रीय स्तर के आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने का लिया निर्णय।

संयुक्त किसान मोर्चा (भूमि अधिकार) के आह्वान पर 1894 के अधिग्रहण कानून के दौरान जमीन लिए जाने से प्रभावित किसानों को एक समान नीति के सभी सभी लाभ दिए जाने एवं नए भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के लागू होने के बाद जमीन लिए जाने से प्रभावित किसानों को नए भूमि अधिग्रहण कानून के सभी लाभ दिए जाने की मांग को लेकर ग्रेटर नोएडा के रामगढ़ गांव में अंसल तथा सर्वोत्तम बिल्डर के प्रतिरोध में चल रहा अनिश्चित कालीन धरना आज 27वें दिन भी जारी रहा।

संयुक्त किसान मोर्चा (भू.अ.) के आह्वान पर चलाए जा रहे इस आंदोलन को जनपद, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र और राष्ट्रीय स्तर के सैकड़ों संगठनों का समर्थन मिल चुका है।

किसानों ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाया कि धरना प्रदर्शन को चलते हुए लगभग 1 माह का समय बीत जाने के बाद भी अभी तक धरनारत किसानों की कोई सुध नहीं ली गई है।



■ किसानों ने अंसल और सर्वोत्तम बिल्डर के कार्यालय पर किया विरोध प्रदर्शन

किसान पुराने कानून अधिग्रहण कानून के तहत जमीन लिए जाने से प्रभावित किसानों को एक समान नीति के तहत 64.7 फीसदी अतिरिक्त प्रतिकर ब्याज सहित दिए जाने तथा 10 फीसदी प्लॉट दिए जाने के साथ साथ किसानों के बच्चों को रोजगार और गांवों का विकास आदि के सभी लाभ दिए जाने तथा 1 जनवरी 2014 के बाद जमीन लिए जाने से प्रभावित किसानों को नए भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के अनुसार बाजार दर का 4 गुना मुआवजा, 20 प्रतिशत प्लॉट तथा रोजगार और आबादियों का निस्तारण किए की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

किसानों ने सर्व सम्मति से 1 और 2 दिसम्बर को एक किसान सेमिनार आयोजित कर राष्ट्रीय स्तर के आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने का निर्णय लिया है।

इस मौके पर भाकियू-कृषक शक्ति, भाकियू बलराज, जय हो संगठन, भारतीय किसान सभा, भारतीय किसान परिषद, किसान संघर्ष समिति गौतम बुद्ध नगर, भाकियू अम्बावता, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन, भाकियू- अखंड एवं जय जवान जय किसान मोर्चा सहित स्थानीय एवं दिल्ली एनसीआर क्षेत्र और राष्ट्रीय स्तर के संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते सेक्टरों में लगा रहा कूड़े का ढेर

**ग्रेटर नोएडा,**11 नवम्बर (देशबन्धु)। सफाई कर्मचारियों के हड़ताल के चलते शहर में जगह-जगह गंदगी का ढेर लगा हुआ है। शनिवार को दीपावली के त्योहार के दिन भी सेक्टर वासियों के घर से कूड़ा नहीं उठा। कूड़े के कारण बीमारियां फैलने का खतरा भी बना हुआ है लोगों को आते जाते समय हर जगह से बदबू आती है। निवासियों का आरोप है कि सभी अधिकारी प्राधिकरण कार्यालय में आराम से बैठे हुए हैं। समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। सेक्टर गमा-1, बीटा 1, अल्फा 2, डेल्टा 1 डेल्टा 2 अल्फा 1 बीटा-2 सहित अन्य सेक्टर में पांच दिनों से सफाई कर्मचारी कम पर नहीं आए हैं।

कचरा न उठने के कारण सेक्टर में गंदगी का स्तर बढ़ता जा रहा है। सड़क मार्केट और अन्य जगहों पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं। त्योहार के दिन भी घरों के सामने कचरा पड़ा रहा। कुछ लोगों ने मजबूरन घर के मुख्य दरवाजे के पास की दीवार पर कचरे की थैलियां टांग रखी है, लेकिन उनको उठाने के लिए कोई नहीं आ रहा है। सेक्टर और मुख्य मार्गों पर झाड़ू तक नहीं लग रही है। ऐसे में जगह-जगह पत्तियां पड़ी हुई है। मनीष भाटी, आरडब्ल्यूए उपाध्यक्ष, बीटा-दो ने बताया कि सेक्टर डेल्टा-2 में साफ-सफाई की व्यवस्था खराब है, सफाई कर्मचारियों की हड़ताल ख़त्म नहीं हुई, है कुछ कर्मचारियों को कई दिन से लगातार बात करके इधर उधर से शिफ्ट



करवाके साफ-सफाई करवाई जा रही कूड़ा उठवाया जा रहा है। सेक्टर के ग्रुप पर लोग अपने अपने घरों के सामने के कूड़े को डालकर सफाई की मांग कर रहे हैं।

# दीपावली पर पश्चिमी उप्र में उपभोक्ताओं को मिलेगी भरपूर बिजली

**ग्रेटर नोएडा,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली के पावन अवसर पर सभी उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाएगी। प्रबन्ध निदेशक, चैत्रा वी. द्वारा सभी उपभोक्ताओं को दीपावली उत्सव के उपलक्ष्य में शुभकामनाएं दी है। उन्होंने समस्त 14 जनपदों के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि किसी भी प्रकार के ब्रेकडाउन या विद्युत आपूर्ति में व्यवधान की सूचना प्राप्त होने पर, व्यवधान को प्राथमिकता पर ठीक कराए जाए। मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ताओं को बिजलीघरों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए है। प्रबन्ध निदेशक ने अवर अभियन्ता, उपखण्ड अधिकारियों को बिजलीघर पर उपस्थित रहने एवं पर्याप्त संख्या में मरम्मत गैंग की पूर्व में ही व्यवस्था करने के निर्देश दिए है जिससे कि ब्रेकडाउन इत्यादि होने पर तत्काल ब्रेकडाउन अटेण्ड कर, विद्युत आपूर्ति बहाल की जा सके।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बिजली आपूर्ति से सम्बन्धित जनपदवार नियंत्रण कक्ष कार्यरत है। उपभोक्ताओं से अपील है कि बिजली आपूर्ति से सम्बन्धित किसी भी सहायता/समाधान हेतु जनपदवार स्थापित नियंत्रण कक्ष में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

| जनपद का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|
| मेरठ | 9193330312 |
| बागपत | 9193330171 |
| गाजियाबाद | 9193320115 |
| बुलन्दशहर | 9193302137 |
| हापुड़ | 9193319903 |
| सहारनपुर | 9193330206 |
| मुजफ्फरनगर | 9193331304 |
| शामली | 9193330951 |
| मुरादाबाद | 9193300109 |
| सम्भल | 9193300411 |
| अमरोहा | 9193331320 |
| बिजनौर | 9193331418 |
| रामपुर | 9193300636 |
| नोएडा | 0120-2510738 |

यदि किसी उपभोक्ता की शिकायत का निस्तारण जनपद स्थित नियंत्रण कक्ष द्वारा नहीं होता है तो वह डिस्कॉम मुख्यालय मेरठ पर स्थित नियंत्रण कक्ष मोबाईल नं0 9412749213 एवं विद्युत हेल्पलाईन नं0 1912 तथा निगम के टॉल फ्री नं0 18001803002 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

# घरों की घंटी बजाकर परेशान करने वाले नाइजीरियन को लोगों ने पकड़ा

**ग्रेटर नोएडा,**11 नवम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर डेल्टा-दो में लोगों के घरों में घंटी बजाकर परेशान करने वाले नाइजीरियन मूल के निवासी को सेक्टरवासियों ने पकड़ा है। आरडब्ल्यूए उपाध्यक्ष मनीष भाटी ने बताया



कि अभी कुछ दिन पहले एक नाईजीरियन ने सेक्टर डेल्टा-2 के एल ब्लॉक में काफी घरों में घंटियां बजाके सेक्टरवासियो को रात के समय बजे परेशान किया था, जिसकी सूचना डी.पी. सहगल ने फोन पर अपने घर बुलवाकर सारी आप बीती बताया। उसके बाद आस-पास कैमरों की मदद से चेक किया और पुलिस चौकि इंचार्च को वीडियो भेजी फिर एक दो दिन बाद एक नाईजीरियन कम्यूनिटी सेंटर के पीछे के ब्लॉक में घूमता मिला, उससे जानकारी ली कहा रहते हो तो उसने सही जानकारी नहीं दी। शक हुआ कि इसी ने ही घंटियां बजाई है। सेक्टर डेल्टा-2 की आर.डब्लू.ए.डेल्टा-2 के ग्रुप में उसकी फोटो वीडियो भेजी। एल ब्लॉक निवासी प्रशांत का फोन आया कि वह उनके मकान में रहता है। जिसके पास नाईजीरियन रहता था नाईजीरियन के पास कुछ दिन सेक्टर डेल्टा-2 में रहने लगा था। बग़ैर मकान मलिक को बताये जिस नाईजीरियन को मकान मलिक प्रशांत ने मकान दिया था, एग्रीमेंट भी किया था, एग्रीमेंट में साफ साफ लिखा था की कोई भी गलती होती है तो तुरंत खाली करना होगा। मनीष भाटी ने सेक्टरवासियो से अपील की कि मकान किराए पर देते समय एग्रीमेंट जरुर करें ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि आजकल लड़के लड़कियों का गलत पहनावा पार्कों में सिगकेट पीना कोकोकोला में वाइन डालके पीना, अगर इन सब पर ध्यान नहीं दिया तो अल्फा, बीटा, गामा की तरह माहौल हो जाएगा।

# यातायात पुलिस ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**ग्रेटर नोएडा,**11 नवम्बर (देशबन्धु)। सड़क दुर्घटना में आए दिन लोगों की मौत होती रहती है सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए यातायात विभाग जागरुकता अभियान चलाए हुए है। जागरुकता अभियान के तहत यातायात पुलिस की सड़क सुरक्षा सेल ने प्रचार-प्रसार वाहन पर एलईडी के माध्यम से हाजीपुर चौक, लोटस ब्लू वर्ड तिराहा, एनएसईजेड मैट्रों स्टेशन एवं एल्डिको चौक पर आमजन व वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा उनका पालन करने हेतु जागरूक किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त यातायात द्वितीय पवन कुमार के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस की सड़क सुरक्षा सेल ने भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. रिसर्च सेन्टर सूरजपुर ग्रेटर नोएडा निकट पुलिस लाइन के कर्मियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा उनका पालन करने हेतु जागरूक किया गया। यातायात पुलिस ने महर्षि आश्रम चौक पर आमजन व वाहन चालकों को एकत्रित कर यातायात नियमों की जानकारी दी गयी तथा उनका पालन करने हेतु जागरूक किया गया।





■ अभियान के तहत 5952 वाहनों के काटे गए चालान, 13 वाहनों को किया सीज

सहायक पुलिस आयुक्त यातायात प्रथम श्यामजीत पर्मिला सिंह के पर्यवेक्षण में यातायात निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह व टीएसआई अशोक कुमार द्वारा अटटा मार्किट एवं सैक्टर-18 मार्किट में आमजन एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की गई। सहायक पुलिस आयुक्त यातायात द्वितीय पवन कुमार के पर्यवेक्षण में यातायात निरीक्षक दुष्यन्त राणा व टीएसआई प्रभाकर सिंह द्वारा परीचौक पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रवर्तन कार्रवाई की गई। सहायक पुलिस आयुक्त यातायात प्रथम श्यामजीत पर्मिला सिंह के पर्यवेक्षण में यातायात उपनिरीक्षक सत्यवीर सिंह द्वारा सैक्टर-37 पर आमजन एवं वाहन चालकों को एकत्रित कर यातायात नियमों की जानकारी दी गई और उनका पालन करने हेतु प्रेरित किया गया तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की गई।

टीएसआई शोकेन्द्र सिंह द्वारा सूरजपुर चौक पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की गई। टीएसआई नरेन्द्र कुमार एवं टीएसआई श्री बरन कुमार द्वारा माडल टाउन पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की गई। टीएसआई सतेन्द्र राठी द्वारा होण्डा सीएल चौक पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की गई। टीएसआई अजय रावत द्वारा दुर्गा टाकीज गोलचक्कर पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की गई। टीएसआई जयेन्द्र गंगवार द्वारा अल्फा कॉमर्शियल गोलचक्कर पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की गई। कमांड कन्ट्रोल सेन्टर सीसीटीवी कैमरों की सहायता से बीएस-3 और बीएस-फोर वाहनों के विरूद्ध एनजीटी की शर्तों का उल्लंघन करने पर कुल 395 ई-चालान की कार्रवाई की गई। इस दौरान बिना हेलमेट-3906, बिना सीट बेल्ट-84, विपरीत दिशा-368, तीन सवारी-40, मोबाइल फोन का प्रयोग-23, बिना डीएल- 34, दोषपूर्ण नम्बर प्लेट- 61, रेड लाइट का उल्लंघन-72, नो पार्किंग- 466, अन्य - 299। ग्रेप के अन्तर्गत ध्वनि प्रदूषण- 21, वायु प्रदूषण- 183, बीएस-3 व बीएस-4 से - 395, के साथ कुल ई-चालान- 5952 काटे गए और 13 वाहनों को सीज किया गया।

## सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने जरूरतमंदों को वितरित की कंबल व मिठाई



**ग्रेटर नोएडा,**11 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली की पूर्व संध्या पर ग्रेटर नोएडा में राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने जरूरतमंदों को कंबल और मिठाई वितरित करते हुए कहा कि जरूरतमंदों को उपहार वितरित करने में जो खुशी मिलती है वो अलग ही होती है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा सेवा, संस्कार और संस्कृति का संदेश देने का काम करते हैं, समस्त भारतीय त्योहार और पर्व हर किसी के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम करते हैं और बराबरी का संदेश देते हैं, देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करते हैं, इस दौरान विजेंद्र भाटी (ब्लॉक प्रमुख), अन्नू पंडित (सदस्य प्रदेश कार्यसमिति भाजयुमो), ईश्वर भाटी (ब्लॉक प्रमुख), कपिल प्रधान, अमित मुखिया, अमित भाटी, सम्मी चौधरी, संदीप गोयल, अविनाश चौहान, अमर कांत झा, राम जी प्रसाद, श्रीचंद सेन, दिनेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# उम्र की आखिरी दहलीज पर पहुंचे बुजुर्गों ने जलाए आशा के दीपक

**ग्रेटर नोएडा,**11 नवम्बर (देशबन्धु)। वृद्धाश्रम ही इनके जीवन की ढलती सांझ का सहारा बन गया। कुछ के पास बुढ़ापे का सहारा नहीं रहा तो कुछ अपनों के होते हुए भी बदतर जिंदगी जी रहे थे। यही परिस्थितियां इन्हें वृद्ध आश्रम की दहलीज तक खींच ले आईं। दीवाली का त्योहार वृद्धाश्रम 'खुशियों की ओर' नलगढ़ा ग्रेटर नोएडा में उन बुजुर्गों के साथ मनाया गया, जिन्हें अपनो ने ठुकरा दिया, लावारिस हालत में



सड़क पर छोड़ दिया। सामाजिक संगठन के लोगों ने फुलझड़ी जलाई, साथ में मिठाई खाई, बैठकर उनसे बातचीत की उनका अकेलापन दूर किया। ए टू जेड फाउंडेशन द्वारा संचालित इस वृद्धाश्रम में रह रहे लगभग 20 बुजुर्ग रहते हैं। वृद्धा आश्रम के संचालक अशोक कुमार और दीक्षा के साथ दीप जलाया। साथ ही फूलझड़ियां जलाई।

वृद्धाश्रम के संचालक अशोक कुमार और दीक्षा ने सभी बुजुर्गों को नए कपड़े पहनाए और मिठाइयां खिलाईं। वृद्धाश्रम के संचालक अशोक कुमार ने कहा कि हमें बुजुर्गों को हर रूप से खुशियां देनी चाहिए, क्योंकि बुजुर्ग ही परिवार की शान होते है। आश्रम की व्यवस्था से सभी संतुष्ट हैं। वे कहते हैं कि परिवार में जितनी खुशी नहीं मिलती है, उससे हजार गुना ज्यादा यहां चैन से जीवन गुजार रहे हैं उम्र के अंतिम पड़ाव में जीने वालों का भी सेहत पूरी तरह स्वस्थ है। समय-समय पर सभी की मेडिकल जांच कराई जाती है,ताकि उनके दुख को दूर किया जा सके।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# राष्ट्र के निर्माण में शिक्षक व विद्यार्थियों की अहम भूमिका : हरनाम सिंह यादव

**ग्रेटर नोएडा,**11 नवम्बर (देशबन्धु)। गलगोटियास विश्वविद्यालय के पॉलिटेक्निक द्वारा आयोजित दो दिवसीय पॉलिटेक्निक चैम्पियनशिप-लीग का हुआ समापन। इस समापन समारोह में राज्य सभा सांसद हरनाथ सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। दीप प्रज्जवलन और सरस्वती वन्दना के बाद गलगोटियास कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर जनरल पी.के. चौपड़ा और पॉलिटेक्निक के प्रिंसिपल मोहित गहरवार ने मुख्य अतिथि को गुलदस्ता भेंट करके उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने अपने अभिभाषण में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज भारत दुनियां का सबसे युवा देश है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में शिक्षक की तो महत्वपूर्ण भूमिका होती ही है। इसके साथ-साथ विद्यार्थियों (युवाओं) की भी अपनी अहम् जिम्मेदारी होती है। इसलिए देश के युवाओं को चाहिए कि वह अनुशासन में रहकर कठिन परिश्रम करते हुए अपने राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें। भारत को फिर से विश्व-गुरू बनने के सपने को साकार करना आप युवाओं के ही हाथों में है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप अपने देश की महान संस्कृति का अवलंबन करते हुए अवश्य ही एक दिन इस सपने को साकार करेंगे। पूरी दुनिया में आज देश के युवाओं ने विज्ञान के क्षेत्र में, शिक्षा के क्षेत्र में, स्पोर्ट्स के क्षेत्र में सभी क्षेत्रों में देश का गौरव बढ़ाया है। यह हम सब के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। मैं ईश्वर से आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। डायरेक्टर जनरल पी.के. चोपड़ा और पॉलिटेक्निक के प्रिंसिपल मोहित गहरवार ने मुख्य अतिथि के साथ मिलकर विजेता टीमों को पुरस्कृत किया।



■ गलगोटिया विवि के पालिटेक्निक विभाग में पॉलिटेक्निक चैम्पियनशिप-लीग

## मारपीट व बूम बैरियर तोड़ने पर कार्रवाई नहीं होने पर मुख्यमंत्री से शिकायत

**ग्रेटर नोएडा,**11 नवम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर डेल्टा-3 में सुरक्षा कर्मियों से एक युवक ने मारपीट और गेट पर लगे बूम बैरियर तोड़ने दिए गए, जिसकी शिकायत चार दिन पहले सूरजपुर पुलिस से की गई। निवासियों ने इस मामले में कार्रवाई नहीं करने का आरोप पुलिस पर लगाया है।

अब लोगों द्वारा मुख्यमंत्री से इस मामले की शिकायत की गई है। आरडब्ल्यूए पदाधिकारी का कहना है कि पुलिस द्वारा इस मामले में अभी तक युवक के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसे में निवासियों को अपनी सुरक्षा की चिंता सता रही है। सेक्टर डेल्टा-3 में पिछले सोमवार को एक युवक अपने बेटे के साथ गेट नंबर-1 से बाइक पर सवार होकर अंदर आ रहा था। इसी दौरान बूम बैरियर अचानक नीचे गिर गया। बूम बैरियर नीचे गिरने से उसके बेटे को चोट लगने से बाल-बाल बचे। इतने में ही युवक ने बाइक से उतरकर बिना कुछ पूछे सुरक्षा कर्मियों से मारपीट करनी शुरू कर दी और वहां पर गेट पर लगे बूम बैरियर को भी तोड़ दिया।

झगड़े की सूचना मिलते ही लोग वहां पर एकत्रित हो गए। इसके बाद पुलिस को भी इस मामले की सूचना दी गई। निवासियों का कहना है कि 5 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक इस मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। लिखित में भी शिकायत दी जा चुकी है।

जब भी पुलिस से इस मामले में पूछा जाता था, तो हर बार कोई ना कोई बहाना बनाकर बात को टाल दिया जाता है। वहीं, दोषी व्यक्ति द्वारा पड़ोसियों और अन्य लोगों को धमकी भी दी जा रही है। साथी पड़ोसियों के साथ भी गलत व्यवहार कर रहा है। उनका आरोप है कि अगर पुलिस कार्रवाई नहीं करेगी तो इस तरह की हरकत करने के लिए को अन्य लोगों के भी हौसले बुलंद होंगे। जोकि सेक्टर वासियों के लिए ठीक नहीं है।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम हल्दौना तुगलपुर, उपजिलाधिकारी, सदर गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 898/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022, दिनांक 08.07.2022, के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 श्री चरन सिंह पुत्र मिश्री नि0 ग्राम हल्दौना तुगलपुर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 19.05.2022 के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दनकौर | 93 1410 1185 | 457m 457m 457m 459m 456m 455m | स्व0 श्री चरन सिंह पुत्र मिश्री नि0 हल्दौना तुगलपुर तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर | श्रीमती ऊषा | पत्नी | 43 | विधवा |
| | | | | श्री अरूण कुमार | पुत्र | 20 | विवाहित |
| | | | | श्री तरूण चैची | पुत्र | 17 | अविवाहित |
| | | | | श्रीमती कोमल | पुत्री | 23 | विवाहित |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में मृतक के सीन पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशन आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के कम में प्रश्नगत भूमि पर किसी न्यायालय या आदेश द्वारा कृषक का स्वत्व समाप्त होता है अथवा क्षेत्रफल कम किया जाता है तो कम हुए क्षेत्रफल अथवा सम्पूर्ण क्षेत्रफल के सापेक्ष इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जाये।

तहसीलदार, यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अट्टा गुजरान में उप जिलाधिकारी,सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1189/एस0टी0-एस0डी0एम0/2021, दिनांक 30.06.2021 मृतक श्री धर्मवीर पुत्र स्व0 श्री लिखी, नि0 म0न0-119 ग्राम अट्टा गूजरान, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 17.12.2020 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जगनपुर अफजलपुर | 591, 592, 593, 594, 595, 596, 602, 603, 608, 607 | श्री धर्मवीर पुत्र स्व0 श्री लिखी नि0 म0न0-119 ग्राम अट्टा गूजरान व तहसील व जिला गौतमबुद्धपगर | श्री जुगेन्द्र | पुत्र | 34 वर्ष | |
| अट्टा गुजरान | 300, 492 | | श्री ओमवीर | पुत्र | 33 वर्ष | |
| औरंगपुर | 406 | | श्री ओमकार | पुत्र | 31 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

पंजाबी कहानी

# मंदिर वाली गली

■ देवेन्द्र सत्यार्थी

राय साहिब का घर मंदिर वाली गली में नहीं बल्कि गंगा के किनारे था। बहुत ख़ुशहाली का ज़माना था। एक पैसे में तीन सौदे आ जाते थे। आठ दिन, नौ मेले वाली बात समझिए। एक रुपये के पंद्रह सेर बासमती आ जाती थी। दो रुपये का सोलह सेर दूध। रुपये की छः मन लकड़ी। रुपये का एक मन कोयला। छः आने गज़ लठ्ठा। सात पैसे गज़ बढ़िया मलमल और यक़ीन कीजिए दस रुपये में बहुत बढ़िया रेशमी साड़ी मिल जाती थी। इसलिए राय साहिब बोले मज़े से रहिए। जब तक आपका दिल भर न जाये।

घर के सामने एक पीपल का दरख़्त खड़ा था जिसने सैंकड़ों बाहें फैला रखी थीं। राय साहिब की उम्र उस वक़्त तीस-पैंतीस के बीच में होगी। मैं अक्सर मंदिर वाली गली में घूमने निकल जाता, और वापस आकर कभी राय साहिब से उसकी तारीफ़ करता तो वो कहते, 'वहाँ क्या रखा है? आने-जाने वालों के धक्के तो हमें नापसंद हैं और वो भी भांत-भांत के पंछी मिलते हैं। भांत भांत के चेहरे, भांत-भांत के लिबास।'

'अब दूर दूर के यात्री अपना लिबास कहाँ छोड़ आएं, राय साहिब?' मैं संजीदा हो कर जवाब देता, 'और उन बेचारों के चेहरे मुहरे जैसे हैं वैसे ही तो रहेंगे।'

वो खिलखिला कर हंस पड़ते। किसी ने भानुमती का कुम्बा देखना हो तो मंदिर वाली गली का एक चक्कर लगा आए। वहां जगह-जगह के लोगों को एक साथ घूमते देखकर मुझे तो ये शक होने लगता है कि ये एक ही देस के लोग हैं।

'ये तो ठीक है राय साहिब!' मैं बहस में उलझ जाता, 'बंगाली, महाराष्ट्री, गुजराती और मद्रासी अलग-अलग हैं तो अलग-अलग ही तो नज़र आएँगे। अपना-अपना रूप और रंग-ढंग घर में छोड़कर तो तीर्थ यात्रा पर आने से रहे।'

राय साहिब के साथ बातें करने से ज़्यादा लुत्फ़ मुझे मंदिर वाली गली के छः सात चक्कर लगाने में आता था। यात्रियों के किसी कुन्बे की कोई नौजवान लड़की अपनी दो चोटियों में से एक को आगे ले आती या जिस्म सुकेड़ कर चलती या अंगड़ाई के अंदाज़ में महराब सी बना डालती, तो ये मंज़र देखकर मुझे महसूस होता कि मंदिर वाली गली की आप-बीती में ये तफ़सील भी बड़े ख़ूबसूरत अंदाज़ में दर्ज हो गई। इसी तरह कोई भिखारन निचला होंट दाँतों तले दबा कर किसी भागवान यात्री औरत का सिंगार देखती रह जाती और फिर अपनी मैली कुचैली साड़ी के बावजूद सीना तान कर किसी दुकान के आईने में अपना रूप देखकर मुस्करा उठती तो ये बात भी मंदिर वाली गली की दास्तान में कलमबंद हो जाती।

ये सब बातें मैं राय साहिब को सुनाता और वो कहते, 'चौखटा मंदिर वाली गली का है और तस्वीर आपके मन की। हम क्या बोल सकते हैं? ये तो कैमरे की आँख ने नहीं, आपके दिमाग़ की आँख ने देखा।'

राय साहिब की बहुत जायदाद थी। स्याह पत्थर के खरल में वो हाज़मे की गोलियां बनाने की दवा बड़ा शौक़ से बैठे घोंटते रहे। इस दवा का नुस्ख़ा उनके पड़दादा छोड़ गए थे और ताकीद कर गए थे कि इनकी तरफ़ से हाज़मे की गोलियां मंदिर वाली गली में यात्रियों को मुफ़्त तक़सीम की जाया करें। ये काम करते वक़्त राय साहिब स्याह पत्थर के उस खरल की कहानी सुनाने लगते। उसे उनके पड़दादा जगननाथपुरी से लाए थे। जिस कारीगर ने ये खरल बनाया था, उसने चारधाम की यात्रा कर रखी थी और राय साहिब के पड़दादा से उसकी पहली मुलाक़ात बनारस की इस मंदिर वाली गली में ही हुई थी।

शादीशुदा ज़िंदगी के सात बरस गुज़ारने के बाद राय साहिब के एक बेटा हुआ। उसका नाम उन्होंने रूपम रखा। पंजों के बल चलने वाला रूपम मेरे साथ ख़ूब हिल मिल गया। वो मुझे दूर से ही पहचान लेता। वाक़ई रूपम बहुत हँसमुख था। मैं उसे उठा लेता और उसके हाथ मेरी ऐनक की तरफ़ उठ जाते। राय साहिब कहते, 'बेटा! उन की ऐनक टूट गई तो पैसे हमें ही भरने पड़ेंगे।'

राय साहिब हंसकर कहते, 'रूपम को भी उसी तरह अपने हाथ से स्याह पत्थर के इस खरल में हाज़मा की गोलियों की ये दवा घोटनी पड़ा करेगी। बड़ों की रीत को वो छोड़ थोड़ी देगा।' और वो हाथ उठा कर पीपल की तरफ़ देखते हुए जैसे दिल ही दिल में किसी मंत्र का जाप करने लगते। जैसे पीपल से कह रहे हों, 'तुम तो तब भी होगे पीपल देवता, जब हम नहीं होंगे, देखना हमारे रूपम को समझाते रहना कि ख़ानदान की रीत को छोड़े नहीं।'

> राय साहिब हंसकर कहते, 'रूपम को भी उसी तरह अपने हाथ से स्याह पत्थर के इस खरल में हाज़मा की गोलियों की ये दवा घोटनी पड़ा करेगी। बड़ों की रीत को वो छोड़ थोड़ी देगा।' और वो हाथ उठा कर पीपल की तरफ़ देखते हुए जैसे दिल ही दिल में किसी मंत्र का जाप करने लगते। जैसे पीपल से कह रहे हों, 'तुम तो तब भी होगे पीपल देवता, जब हम नहीं होंगे, देखना हमारे रूपम को समझाते रहना कि ख़ानदान की रीत को छोड़े नहीं।'

रूपम की जन्मपत्री की बात छिड़ने पर राय साहिब कहते, 'सब ठीक ठाक रहा। उस समय, न आंधी आई, न गरहन लगा। समय आने पर वो दुनिया में अपना लोहा मनवा के रहेगा।' कहते-कहते वो एक दम जज़्बाती हो जाते। 'बड़ा होने पर रूपम को मैं एक ही नसीहत करूँगा कि जिस हांडी में खाए उसी में छेद न करे।'

मैं कहता, 'चलती का नाम गाड़ी है, राय साहिब!'

राय साहिब शोहरत के भूखे थे न दौलत के। बड़ी तेज़ी से बात करते थे और अपने नज़रिए पर डटे रहते। गंगा की अज़्मत के वो क़ाइल थे और बनारस की तारीख़ में सबसे ज़्यादा गंगा का हाथ देखते थे, गंगा की तारीफ़ में राय साहिब श्लोक पर श्लोक सुनाने लगते, जैसे कोई दर्ज़ी दुपट्टे पर गोटे की मग़ज़ी लगा रहा हो।

राय साहिब के घर मेहमान बने मुझे तीन हफ़्ते से ऊपर हो गए थे। मेरे लिए ये बात कुछ कम अहमियत नहीं रखती थी कि मैं राय साहिब का मेहमान हूँ क्योंकि हर ऐरा ग़ैरा नथ्थू-ख़ैरा तो उनका मेहमान नहीं हो सकता था, वाक़ई राय साहिब की मेहमान नवाज़ी के क़दम ज़िंदगी के ख़ुलूस में गड़े हुए थे।

एक रोज़ जब मुझे राय साहिब के यहां रहते हुए सवा महीना हो गया था, राय साहिब सवेरे-सवेरे मेरे कमरे में आए। मैंने देखा, उनका रंग उड़ा हुआ था।

'क्या बात है राय साहिब!' मैंने पूछा।

राय साहिब ने आज पहली बार मेरी आँखों में आँखें डाल कर कहा, 'बात ऐसी है कि बोलना भी मुश्किल हो रहा है। फिर भी बताना तो होगा।' 'नहीं नहीं, कोई बात नहीं। आप यहीं रहिए। अपने मेहमान से भला मैं ये बात कह सकता हूँ?'

'मैं समझ गया राय साहिब! मुझे यहां रहते सवा महीना हो गया। ये बहुत है। अब वाक़ई मुझे चला जाना चाहिए।'

राय साहिब मेरे सामने खड़े-खड़े कबूतर की तरह फड़फड़ाये। उनकी आँखों में बेहद हमदर्दी थी लेकिन उनके चेहरे पर बेबसी के आसार साफ़ दिखाई दे रहे थे। मुझे याद आया कि इससे पहले दिन-दोपहर के वक़्त जब मैं रूपम से खेल रहा था, रूपम की माँ ने नौकरानी को भेज कर रूपम को मंगवा भेजा था।

मैंने साफ़ साफ़ कह दिया, 'रूपम के माता जी को मेरे यहां रहने से कष्ट होता है तो मुझे वाक़ई यहां से चला जाना चाहिए।'

'नहीं नहीं, हम आपको नहीं जाने देंगे। ये मेरा धर्म नहीं कि मेहमान चला जाये, अपना काम पूरा किए बिना। वैसे अगर आप कुछ दिन के लिए हमारे मंदिर वाली गली के मकान में चले जाते तो ठीक था।'

'मेरा तो कोई ख़ास काम नहीं। मंदिर वाली गली को भी बहुत देख लिया। अब वाक़ई मुझे यहां से चले ही जाना चाहिए।'

'हम आपके रहने का इंतिज़ाम कल से मंदिर वाली गली में कर देते हैं, कल से आप मान जाइए। वहां भी हमारा अपना मकान है और उसकी तीसरी मंज़िल पर एक कमरा आपके लिए ख़ाली कराया जा चुका है।'

'नहीं मैं वहां जाकर नहीं रहूँगा। आप यक़ीन कीजिए। मेरी तबीयत तो बनारस से भर गई है, अब तो मैं एक दिन भी नहीं रुक सकता।'

'नहीं आपको रुकना पड़ेगा।'

राय साहिब बार-बार होंटों पर ज़बान फेर कर उनकी ख़ुशकी को चाटने लगते। वो बोले, 'आप चले गए तो हमें गंगा मय्या का श्राप लगेगा।'

'गंगा मय्या के श्राप की तो इसमें कोई बात नहीं राय साहिब! ये तो हमारी आपकी बात है।'

राय साहिब हंसकर बोले, 'माफ़ कीजीए! शायद आप मुझे दब्बू टाइप का पतिदेव समझ रहे होंगे। जिसे अंग्रेज़ी मुहावरे में मुर्ग़ी ज़दा ख़ाविंद कहते हैं।'

'मुझे ये बात ज़रा भी बुरी नहीं लगी। राय साहिब! मेरे ऊपर आपका एहसान है। ये और बात है कि हर चीज़ इतनी सस्ती है कि एक पैसे के तीन सौदे आ जाते हैं।'

'हाँ तो आराम से बैठ कर सुनिए। पूरे पच्चीस बरस बाद मुझे दुबारा बनारस जाने का मौक़ा मिला और अब बहुत महंगाई का ज़माना था। कहाँ एक रुपये की पंद्रह सेर बासमती और कहाँ सवा रुपये सेर। कहाँ दो रुपये मन गेहूँ और कहाँ सोलह रुपये मन। रुपये की पाँच सेर चीनी की बजाय पंद्रह आने सेर। ये महंगाई जैसे आज़ादी का सबसे बड़ा तोहफ़ा था। आज मैं एक अदबी बुलावे पर बनारस गया था। पहला घर मुझे याद था। जहां मैं पच्चीस बरस पहले ठहरा था।

मैं पूछता-पाछता वहां पहुंचा तो देखा कि वहां न वो घर है न वो पीपल का पेड़। पूछने पर पता चला कि वो घर और पीपल तो बहुत बरस पहले गंगा में बह गए। मेरे दिल-ओ-दिमाग़ में सनसनी सी दौड़ गई।

राय साहिब अब दूसरी जगह चले गए थे। उनके पुराने पड़ोसी से उनका पता चलते देर न लगी। मैं वहां पहुंचा तो राय साहिब बहुत तपाक से मिले। पता चला कि रूपम का ब्याह हुए साढ़े तीन बरस होने को आए। अब तो रूपम का दो बरस का बेटा है। 'देखिए हम पोते वाले हो गए।' राय साहिब हंसकर बोले।

राय साहिब मुझे खाना खिलाए बग़ैर न माने। उन के चेहरे पर इन्सानियत का जौहर साफ़ दिखाई दे रहा था। पुराने घर की बात चली तो राय साहिब ने ठंडी सांस भर कर कहा उसे तो गंगा मय्या ले गई और हमारे पड़दादा का लगाया हुआ पीपल भी गंगा में बह गया।

मैं उठने लगा तो राय साहिब बोले, 'अब तो पच्चीस बरस पुरानी याद ऐसे है जैसे किसी खण्डहर की दीवार, जिसका पूरे का पूरा पलस्तर झड़ गया हो।'

'मुझे तो आपकी मेहमान नवाज़ी में अभी तक नए पन की ख़ुशबू आ रही है, राय साहिब!'

'अरे भई छोड़ो। मौसम की तरह हालात भी बदलते रहते हैं।' राय साहिब ने तुर्श आवाज़ में कहा।

मैंने कहा, 'याद है न राय साहिब। उन दिनों एक पैसे के तीन सौदे आ जाते थे।'

जब मैं चला तो राय साहिब ने रूपम का पता लिखवा दिया जो उन दिनों मंदिर वाली गली में रहता था। 'लीजिए रूपम के नाम चिट्ठी लिख कर सारा वर्तमान हाल बता दूं उसे। नहीं तो वो कैसे जानेगा कि वो आपकी गोद में खेल चुका है।' राय साहिब ने संजीदगी से कहा, 'देखिए! मैंने चौदह सतरों में सारी बात लिख डाली।'

मैं मंदिर वाली गली में पहुंचा तो यूं महसूस हुआ कि महंगाई के बावजूद कुछ भी नहीं बदला और वो संस्कृत कहावत फिर से मेरे ज़हन को गुदगुदाने लगी, 'जिसे कहीं भी ठिकाना न मिले उसे काशी ही आख़िरि ठोर!'

रूपम राय साहिब की चिट्ठी पढ़ कर अपनी बीवी को बुला लाया और माँ की गोद से निकल कर नन्हा शिवम झट मेरे पास चला आया।

रूपम बोला- 'आप तो मंदिर वाली गली के पुराने प्रेमी हैं ना। देखिए! यही वो कमरा है, जहां पच्चीस बरस पहले पिता जी आपको ठहराना चाहते थे। पिता जी ने लिखा है कि आपको ग़लतफ़हमी हो गई थी कि माताजी आपको हमारे गंगा घाट वाले घर में रखकर ख़ुश नहीं हैं। उन्होंने तो आपका मंदिर वाली गली के साथ गहरा प्रेम देखकर ही ये चाहा था कि आप कुछ दिन इस गली में आकर भी रह जाएं।'

'छोड़ो वो पुरानी बात है।' मैंने मुस्कराकर बात टाल दी, 'इस से भी कहीं ज़्यादा याद रखने वाली बात ये है कि तब मुझे नन्हा रूपम मिला था, अब नन्हा शिवम।'

शिवम के हाथ में विश्वनाथ मंदिर का लकड़ी का छोटा सा मॉडल था जिसे वो हवा में उछाल रहा था।

घर की बालकोनी में खड़े-खड़े मैं ज़रा पीछे हट गया। मुझे डर था कि कहीं शिवम अपना लकड़ी का खिलौना नीचे मंदिर वाली गली में न गिरा दे। नन्हे शिवम की माँ ने जल्दी-जल्दी अपने सुसर का ख़त पढ़ा और सर पर बनारसी साड़ी ठीक करते हुए वो बोली, 'अब देखिए! हम आपको यहां से जल्दी जाने नहीं देंगे। जो ग़लतफ़हमी आपको रूपम के माता जी के बारे में हुई वो शिवम के माता जी के बारे में तो नहीं हो सकती।'

मंदिर वाली गली में ऐसे ही उत्तर-दक्खिन और पूरब-पच्छिम का संगम हो रहा था जैसे मंदिर वाली गली भी किसी गंगा मय्या की तरह पुकार रही हो, 'आओ यात्री! मेरी नई पुरानी लहरों में उतरो!'

---


संदर्भ : 12 नवम्बर, शायर और डायलॉग राइटर अख़्तर-उल-ईमान का जन्मदिवस

# दुनिया के संकट को हल करने की चाबी इश्तिराकियत में है

■ ज़ाहिद ख़ान

अख़्तर-उल-ईमान अपने दौर के संज़ीदा शायर और बेहतरीन डायलॉग राइटर थे। अक्सर लोग उन्हें फ़िल्मी लेखक के तौर पर याद करते हैं, मगर यह भूल जाते हैं कि फ़िल्मों में आने से पहले वो एक नामचीन शायर थे, और ताउम्र बेहद संज़ीदगी से शायरी करते रहे। उन्होंने शायरी की। नज़्में लिखीं, मगर फ़िल्मों के लिए कोई गाना नहीं लिखा। नग़मा निगारी से उन्होंने एक दूरी बनाए रखी। जबकि उनके सभी साथी शायर साहिर लुधियानवी, कैफ़ी आज़मी, मजरूह सुल्तानपुरी, जांनिसार अख़्तर वगैरह फ़िल्मों के लिए गीत लिख रहे थे। अख़्तर-उल-ईमान का तरक़्क़ीपसंद तहरीक से भी वास्ता रहा और आख़िर तक 'अंजुमन तरक़्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' में सरगर्म रहे। वे एक आला नज़्म निगार थे। उर्दू अदब में जदीद नज़्मों की इब्तिदा उन्होंने ही की। उनकी नज़्मों में सीधी-सादी शायरी नहीं, बल्कि उनमें एक मुकम्मिल कहानी होती है, जो ख़त्म होते-होते पाठकों के ज़ेहन में अनगिनत सवाल छोड़ जाती हैं। वे एक यथार्थवादी और आधुनिक शायर थे। उनकी नज़्मों में सिर्फ़ इश्क़-मुहब्बत ही नहीं, आम आदमी की ज़िंदगी की जद्दोजहद भी साफ दिखलाई देती है।

12 नवंबर, 1915 को पश्चिमी उतर प्रदेश के ज़िला बिजनौर की एक छोटी सी बस्ती क़िला पत्थरगढ़ में एक ग़रीब परिवार में जन्मे अख़्तर-उल-ईमान का बचपन बेहद ग़ुर्बत में बीता। उनकी शुरुआती तालीम अनाथालय के एक स्कूल में हुई। मैट्रिक के बाद उनका ग्रेजुएशन नई दिल्ली के ऐंगलो अरबिक कॉलेज में हुआ। अख़्तर-उल-ईमान एक जज़्बाती इंसान थे। सत्रह-अठारह साल की उम्र में ही उन्होंने शायरी का आग़ाज़ कर दिया था। थोड़े से ही अरसे में अपनी रूमानी नज़्मों की बदौलत वे कॉलेज में अलग से पहचाने जाने लगे। उनके ख़ास दोस्त उन्हें ब्लैक जापान अख़्तर-उल-ईमान कह कर पुकारते। पढ़ाई और शायरी के अलावा उनकी दिलचस्पी सियासत में भी थी। स्टूडेंट पॉलिटिक्स में वे खुलकर हिस्सा लेते थे। आगे चलकर उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी से फारसी में एमए किया। अलीगढ़ यूनीवर्सिटी में ही पढ़ाई के दौरान अख़्तर-उल-ईमान, तरक़्क़ीपसंद शायरों के संपर्क में आए और उनकी शायरी में एक अलग रुजहान पैदा हुआ। पढ़ाई मुकम्मल करने के बाद, एक बार फिर उनके सामने रोज़ी-रोटी का सवाल था। उन्होंने मेरठ और दिल्ली में छोटी-छोटी नौकरियां कीं। कुछ दिन दिल्ली रेडियो स्टेशन में भी रहे, मगर कहीं भी उनका स्थायी ठिकाना नहीं रहा। आख़िरकार, अख़्तर-उल-ईमान का लेखन ही काम आया। दोस्तों की मदद से उन्हें पूना के 'शालीमार पिक्चर्स' में बतौर कहानीकार और संवाद लेखक की नौकरी मिल गई। शालीमार पिक्चर्स में उस वक़्त जोश मलीहाबादी, सागर निज़ामी, कृश्न चंदर और भरत व्यास जैसे आला दर्जे के अदीब पहले ही इकट्ठा थे, अख़्तर-उल-ईमान भी उस ग़िरोह का हिस्सा हो गए। 'शालीमार पिक्चर्स' के जब सितारे ग़र्दिश में आए, तो वे मुंबई चले आए। अख़्तर-उल-ईमान ने बचपन से ही ख़ूब ग़रीबी झेली थी, करियर बनाने के लिए उन्होंने जी-जान लगा दी। कुछ ही दिनों में उन्होंने डायलॉग राइटर के तौर पर अपनी पहचान बना ली। एक ज़माना था, जब हिंदी सिनेमा के बड़े बैनर की फ़िल्में उन्हें ही मिलती थीं। और इन फ़िल्मों की कामयाबी में भी अख़्तर-उल-ईमान के धारदार डायलॉग का हाथ होता था। फ़िल्मों में लिखे उनके डायलॉग, थिएटर से निकलकर दर्शकों के घर तक जाते थे।



अख़्तर-उल-ईमान की एक तरफ फ़िल्मों में स्टोरी और डायलॉग राइटर के तौर पर धूम मची हुई थी, तो दूसरी ओर वे शायरी में भी मशग़ूल थे। तमाम मसरूफ़ियत के बाद भी उन्होंने शायरी से किनारा नहीं किया। शायरी में वे फ़ैज़ अहमद फ़ैज़, मुईन अहसन जज़्बी, मजाज़, मख़्दूम, और मीराजी से ज़्यादा मुतास्सिर थे। या यूं कहें, मीराजी का ही उन पर ज़्यादा असर था। यही वजह है कि उनकी शायरी भी व्यक्तिवादी और प्रतीकवादी है। आगे चलकर उनकी शायरी ने सामाजिकता को एक अलग एंगल से छुआ। उनकी बेहद चर्चित नज़्मों में से एक 'एक लड़का' नज़्म पर नज़र डालिए, ''मैं उस लड़के से कहता हूँ वो शोला मर चुका जिस ने/कभी चाहा था इक ख़ाशाक-ए-आलम फूँक डालेगा/ये लड़का मुस्कुराता है ये आहिस्ता से कहता है/ये किज़्ब-ओ-इफ़्तिरा है झूट है देखो मैं ज़िंदा हूँ।''

साल 1942 से 1947 तक बंबई में तरक़्क़ीपसंद तहरीक अपने उरूज पर थी। अख़्तर-उल-ईमान भी अक्सर 'अंजुमन तरक़्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' के जलसों में जो सज्जाद ज़हीर के घर होते थे, शरीक होते। और बहस में हिस्सा लेते, अपनी नज़्में पढ़ते थे। 'अंजुमन तरक़्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' की 1949 की भिवंडी कॉन्फ्रेंस में भी उन्होंने न सिर्फ़ सरगर्मी से हिस्सा लिया, बल्कि इंतिहा पसंदआना क़रारदाद (प्रस्ताव) की शदीद मुख़ालफ़त भी की। अख़्तर-उल-ईमान ने ग़ज़ल की बजाय नज़्म ही ज़्यादा लिखीं। उर्दू अदब में उनकी पहचान नज़्म निगार की है। 'ज़िंदगी का वक़्फ़ा', 'आख़िरी मुलाकात', 'डासना स्टेशन का मुसाफ़िर', 'बिंत-ए-लम्हात', 'यादें', 'तन्हाई में', 'नया आहंग', 'उम्र-ए-गुरेज़ा के नाम', 'अहद-ए-वफ़ा', 'ज़िंदगी के दरवाज़े पर' और 'मताअ-ए-राएगां' वगैरह उनकी मशहूर नज़्में हैं।

अख़्तर-उल-ईमान की शायरी में ज़िंदगी के छोटे-छोटे लम्हे, तअस्सुरात बड़े ही बारीकी से नुमायां होते हैं। कई मर्तबा इन नज़्मों में क़ुदरत का बयान भी तफ़सील से आता है। 'जाने शीरीं', 'मुहब्बत', 'अहद—ए—वफ़ा' आदि अख़्तर-उल-ईमान की नज़्मों में मुहब्बत के नाज़ुक-नाज़ुक एहसास हैं। अख़्तर-उल-ईमान अपनी शायरी पर ख़ुद तन्क़ीद करते थे। एक किताब की भूमिका में उन्होंने अपनी शायरी के बारे में लिखा है, ''यह शायरी मशीन में नहीं ढली, एक ऐसे इंसान के ज़ेहन की रचना है, जो दिन-रात बदलती हुई सामाजिक, आर्थिक और नैतिक मूल्यों से दो-चार होता है। जहां इंसान ज़िंदगी और समाज के साथ बहुत से समझौते करने पर मजबूर है, जिन्हें वो पसंद नहीं करता। समझौते इसलिए करता है कि उसके बिना ज़िंदा रहना मुम्किन नहीं और उनके ख़िलाफ़ आवाज़ इसलिए उठाता है कि उसके पास ज़मीर नाम की एक चीज़ है।'' ज़ाहिर है कि ये आवाज़ तन्हा अख़्तर-उल-ईमान के ज़मीर की ही आवाज़ नहीं, बल्कि उनके दौर के हर संवेदनशील शख़्स के ज़मीर की आवाज़ है। समाज में जो उन्होंने महसूस किया, उसे ही अपनी शायरी में ढाल दिया। यही वजह है कि अख़्तर-उल-ईमान की शायरी यथार्थ की बेहद ख़ुरदुरी ज़मीन पर खड़ी दिखाई देती है। उनकी बाज़ नज़्में बड़ी तवील है, जिनमें वे एक कामयाब क़िस्सागो की तरह पूरे मंज़र को बयां करते चले जाते हैं। 'डासना स्टेशन का मुसाफ़िर', 'दिल्ली की गलियां तीन मंज़र' इन नज़्मों की कटगरी में शुमार होती हैं।

अख़्तर-उल-ईमान ने अपने फ़िल्मी करियर की शुरुआत साल 1948 में फ़िल्म 'झरना' से की लेकिन 'कानून' वह फ़िल्म थी, जिसने उन्हें फ़िल्मी दुनिया में स्थापित कर दिया। डायरेक्टर बीआर चोपड़ा की इस फ़िल्म में कोई गाना नहीं था। फ़िल्म की कामयाबी के पीछे इसके शानदार डायलॉग का हाथ था। आगे चलकर उन्होंने बीआर चोपड़ा और उनके भाई यश चोपड़ा की अनेक फ़िल्मों के डायलॉग लिखे। अपने पचास साल के फ़िल्मी करियर में अख़्तर-उल-ईमान ने 100 से ज़्यादा फिल्मों के संवाद लिखे। जिनमें नग़मा, रफ़्तार, ज़िंदगी और तूफ़ान, मुग़ल-ए-आज़म, वक़्त, हमराज़, दाग़, आदमी, पाकीज़ा, पत्थर के सनम, गुमराह, मुजरिम, मेरा साया, आदमी और इंसान, चांदी-सोना, धरम पुत्र, और अपराध जैसी कामयाब फ़िल्में शामिल हैं। 'वक़्त' और 'धरमपुत्र' के लिए वो बेहतरीन संवाद लेखन के फ़िल्मफ़ेयर ऐवार्ड से नवाज़े गए। उन्होंने एक फ़िल्म 'लहु पुकारेगा' का डायरेक्शन भी किया, अलबत्ता यह फ़िल्म बॉक्स ऑफिस पर नाकामयाब साबित रही।

अख़्तर-उल-ईमान साल 1943 में अपने पहले ही मज्मूआ-ए-कलाम 'गिर्दाब' के प्रकाशन के साथ ही सफ़-ए-अव्वल के शायरों में शुमार किए जाने लगे थे। इस किताब का तब्सिरा करते हुए फ़िराक़ गोरखपुरी ने लिखा था, ''नये शायरों में सबसे घायल आवाज़ अख़्तर-उल-ईमान की है। उसमें जो चुटीलापन, तल्ख़ी और जो दहक और तेज़ धार है, वो ख़ुद बता देगी कि आज हिंदुस्तान के हस्सास नौजवानों की ज़िंदगी का अलमिया क्या है?'' अख़्तर-उल-ईमान की नज़्मों के अनेक मजमूए शाया हुए। जिनमें ने से कुछ ख़ास किताबें हैं-'सब रंग', 'तारीक सय्यारा', 'आब-ए-जू', 'यादें', 'बिंत लम्हात', 'नया आहंग', 'सर-ओ-सामाँ', 'ज़मीन ज़मीन' और 'ज़मिस्ताँ सर्द-मेहरी का'। 'इस आबाद ख़राबे में' उनकी आत्मकथा है, तो वहीं 'सबरंग' एक गीति-नाट्य है, जिसमें मज़दूरों के शोषण की प्रतीकात्मक कहानी है। अपनी बेमिसाल तख़्लीकात के लिए अख़्तर-उल-ईमान कई एज़ाज़ और इनामात से भी नवाज़े गए। किताब 'यादें' पर उन्हें साहित्य अकादेमी ऐवार्ड, तो 'बिंत लम्हात' पर उ.प्र. उर्दू अकादेमी और मीर अकादेमी ने उनको इनाम दिया। महाराष्ट्र उर्दू अकादेमी ने किताब 'नया आहंग' को ऐवार्ड दिया। यही नहीं 'सर-ओ-सामाँ' के लिए वो मध्य प्रदेश सरकार के 'इक़बाल सम्मान' से नवाज़े गए। इसी किताब पर उनको दिल्ली उर्दू अकादेमी और ग़ालिब इंस्टीट्यूट ने भी इनामात दिए। शायरी हो, नस्र, तक़रीर हो या फिर इंटरव्यू अख़्तर-उल-ईमान निहायत बेबाकी, सच्चाई और दयानत से अपने ख़यालात का इज़हार करते थे। समाजवाद पर उनका यक़ीन आख़िर तक क़ायम रहा। अख़्तर-उल-ईमान जब साहित्य अकादेमी का इनाम लेने दिल्ली आए, तो अकादेमी के जानिब से 'इंडिया इंटरनेशनल सेंटर' में उनके ऐज़ाज़ में एक जलसा हुआ। जिसमें क़ौमी मीडिया के नामवर अख़बार नवेस भी आमंत्रित थे। उनमें से एक जर्नलिस्ट ने अख़्तर-उल-ईमान से सवाल किया कि ''दुनिया आज जिस तरह के आशोब (संकट) से दो-चार है, उसका हल उनके नज़दीक क्या है?'' जवाब में अख़्तर-उल-ईमान ने कहा कि ''इस सवाल का जवाब एक तवील तक़रीर (लंबे भाषण) से भी दिया जा सकता है, लेकिन मैं सिर्फ़ इतना ही कहूंगा कि इस आशोब को हल करने की चाबी इश्तिराकियत (साम्यवाद) है।''

---

लघुकथा

## आधुनिक मालिक और नौकर

सेठ दीनानाथ को पिछले चार महीने के कठिन प्रयास के बाद यह युवा नौकर प्राप्त हुआ था। जिसने अत्यन्त अल्प समय में ही दुकान का सारा काम सीख लिया था। सौ मीटर कपड़े का थान वह पांच मिनट में नाप लेता था और ग्राहक पटाने की कला में उसे महारथ हासिल थी। सेठ दोपहर का खाना उसे अपने साथ खिलाते थे, जो सेठ के घर से आता था। आज केशव (नौकर) का मूड कुछ उखड़ा हुआ था। उसने सेठ से कहा, ''सेठ जी मेरी मां की तबियत बहुत खराब है आप मुझे दो-तीन दिन की छुट्टी दे दें। ताकि मैं मां का फायदे से इलाज करा सकूं।'' सेठ को लगा तीन दिन में तो उसका लम्बा घाटा हो सकता है। उन्होंने अपने शब्दों में मिसरी घोलते हुए कहा, ''बेटा तुम कोई डॉक्टर तो हो नहीं। मां को दवा लाकर के दे दो और दुकान का काम देखो। आखिर इस दुकान में तुम्हारा भी तो हक है। क्या मैं इसे छाती पर बांधकर ले जाऊंगा। अरे तुम तो मेरे लड़के जैसे हो।'' केशव ने गम्भीरता से कहा, ''सेठ जी मैं आपका लड़का कभी नहीं हो सकता। अगर अपका लड़का होता तो किसी अंग्रेजी स्कूल में आपके बेटे की तरह पढ़ रहा होता। मैं अच्छी तरह जानता हूं कि यदि मैं आपके यहां अधिक दिन तक टिका तो मुझे आपके बाद आपके लड़के की गुलामी करनी होगी। मुझे शब्दों से बहलाने की कोशिश न करें। यदि आप छुट्टी नहीं दे सकते तो मेरा हिसाब कर दें।''

सेठ जी हैरत से किशन का मुंह देख रहे थे।

---

## दीवाली

राम के हिज्र में इक रोज़ भरत ने ये कहा
क़ल्ब-ए-मुज़्तर को शब-ओ-रोज़ नहीं चैन ज़रा

दिल में अरमाँ है कि आ जाएँ वतन में रघुबिर
याद में उन की कलेजे में चुभे हैं नश्तर

कोई भाई से कहे ज़ख़्म-ए-जिगर भर दें मिरा
ख़ाना-ए-दिल को ज़ियारत से मुनव्वर कर दें

राम आएँ तो दिए घी के जलाऊँ घर घर
दीप-माला का समाँ आज दिखाऊँ घर घर

तेग़-ए-फ़ुर्क़त से जिगर पाश हुआ जाता है
दिल ग़म-ए-रंज से पामाल हुआ जाता है

दाग़ हैं मेरे जले दिल पे हज़ारों लाखों
ग़म के नश्तर जो चले दिल पे हज़ारों लाखों

कह रहे थे ये भरत जबकि सिरी-राम आए
धूम दुनिया में मची नूर के बादल छाए

अर्श तक फ़र्श से जय जय की सदा जाती थी
ख़ुर्रमी अश्क हर इक आँख से बरसाती थी

जल्वा-ए-रुख़ से हुआ राम के आलम रौशन
पुर उमीदों के गुलों से हुआ सब का दामन

मोहनी शक्ल जो रघुबिर की नज़र आती थी
आँख ताज़ीम से ख़ल्क़त की झुकी जाती थी

मुद्दतों बा%द भरत ने ये नज़ारा देखा
कामयाबी के फ़लक पर था
सितारा चमका

दिल ख़ुशी से कभी पहलू में
उछल पड़ता था
हो मुबारक ये कभी मुँह से निकल
पड़ता था

■ आफ़ताब रईस पानीपती

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## नेतन्याहू ने नुकसान के लिए हमास को बताया जिम्मेदार

**जेरूसलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन की टिप्पणी के जवाब में कहा कि नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की जिम्मेदारी फिलिस्तीनी आंदोलन हमास की है, इजरायल की नहीं। इससे पहले मैक्रॉन ने कहा था कि गाजा पट्टी पर इजरायल के हमलों की कोई वैधता नहीं है और इसे रोका जाना चाहिए। प्रधान मंत्री कार्यालय ने एक्स पर नेतन्याहू के हवाले से कहा, नागरिकों को होने वाले किसी भी नुकसान की जिम्मेदारी हमास की है न कि इजराइल की।

# गजा में 'कोई भी सुरक्षित नहीं है' : डब्ल्यूएचओ

**संयुक्त राष्ट्र,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (संरासुप) की आपात बैठक में

■ **डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक बोले, यहां स्वास्थ्य प्रणाली 'अपने घुटनों पर'**

कहा कि गजा में 'कहीं भी और कोई भी सुरक्षित नहीं है' और यहां स्वास्थ्य प्रणाली 'अपने घुटनों पर' है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख




ने शुक्रवार को आयोजित बैठक में कहा कि जमीनी स्तर पर स्थिति गंभीर है तथा अस्पतालों में बिना एनेस्थीसिया के ऑपरेशन करने से लेकर हर दस मिनट में एक बच्चे की मौत होने तक स्थिति अत्यंत गंभीर है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, कहीं भी और कोई भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा कर्मचारी 23 लाख लोगों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं का प्रबंधन करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

श्री टेड्रोस ने कहा कि समर्थन दिखाने का सबसे अच्छा तरीका स्वास्थ्य कर्मियों को जीवन बचाने के लिए आवश्यक चीजें प्रदान करना है। लगभग 63 मीट्रिक टन ऐसी सहायता भेजी जा चुकी है, लेकिन उन नागरिकों तक पहुंचने के लिए निर्बाध पहुंच की आवश्यकता है जो संकट के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। उन्होंने कहा, डब्ल्यूएचओ लगातार युद्धविराम का आह्वान कर रहा है।

## गजा पर इजरायल के हमलों को रोका जाना चाहिए : मैक्रॉन



**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने कहा कि गजा पट्टी पर इजरायल के हमलों का कोई कारण या वैधता नहीं है और इसे रोका जाना चाहिए। श्री मैक्रॉन ने इससे पूर्व मध्य पूर्व के देशों को फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष में शामिल होने से रोकने के लिए आर्थिक रूप से समर्थन देने की आवश्यकता बताई। श्री मैक्रॉन ने बीबीसी से कहा, वास्तव में – आज, नागरिकों पर बमबारी की जाती है – वास्तव में। इन बच्चों, इन महिलाओं, इन बूढ़े लोगों पर बमबारी की जाती है और उन्हें मार दिया जाता है। इसलिए इसका कोई कारण नहीं है और कोई वैधता नहीं है। इसलिए हम इजरायल से इसे रोकने का आग्रह करते हैं। उन्होंने कहा कि गजा के लिए मानवीय विराम और युद्धविराम के अलावा कोई अन्य समाधान नहीं है। फिलिस्तीनी समूह हमास ने 07 अक्टूबर को गजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक आश्चर्यजनक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया।

## गजा के अल शिफा अस्पताल में 39 बच्चों पर 'मौत का खतरा'

**गजा।** फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि बिजली कटौती के कारण अल शिफा अस्पताल में 39 बच्चों पर 'मौत का खतरा' है। स्थानीय मीडिया ने पहले फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला के हवाले से कहा था कि 39 शिशुओं की मौत हो गई है। बाद के एक बयान में, स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शिशुओं को 'मृत्यु का खतरा' है। इससे पहले आई एक रिपोर्ट के मुताबिक गजा स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को आरोप लगाया कि घिरे एन्क्लेव की सबसे बड़ी चिकित्सा सुविधा में लगातार बिजली कटौती के कारण अल-शिफा अस्पताल में एक नवजात शिशु की मौत हो गई। मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने एक बयान में कहा कि शिशु अस्पताल में समय से पहले जन्मे 37 बच्चों में से एक था। इजरायली हमलों के परिणामस्वरूप पूरी तरह से बिजली गुल होने के कारण चिकित्सा कर्मचारी पिछले तीन घंटों से इनमें से कुछ बच्चों को मैन्युअल आर्टिफिशियल श्वसन दे रहे हैं। एक महीने से अधिक समय से अल-शिफा अस्पताल सहित गजा पट्टी में किसी भी ईंधन की अनुमति नहीं दी गई है। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि अल-शिफा अस्पताल परिसर के प्रांगण को इजरायल ने निशाना बनाया और परिसर में आग लग गई। अल-शिफा अस्पताल के पास इजरायली हमलों की खबरें आई हैं। कर्मचारी और अधिकारियों ने ऑनलाइन वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें परिसर के आसपास के क्षेत्र में भारी बमबारी दिखाई दे रही है।



## रूस ने पश्चिम के दावों को किया खारिज

**मास्को,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने शनिवार को इन आरोपों से साफ इनकार किया कि उत्तर कोरिया के साथ रूस का सहयोग संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (संरासुप) के प्रस्तावों का उल्लंघन है। उन्होंने पश्चिमी देशों के बार-बार के दावों को भी साफ खारिज किया है कि उत्तर कोरिया कथित तौर पर रुस को हथियार हस्तांतरित कर रहा है। रूसी विदेश मंत्रालय ने सुश्री जखारोवा के हवाले से कहा, रूस और उत्तर कोरिया के बीच 'अवैध' सैन्य-तकनीकी सहयोग के 'सामूहिक पश्चिम' द्वारा लगाए गए आरोप निराधार और निराधार हैं। रूस सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों सहित अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करने के लिए जिम्मेदार है। यह हमें उत्तर कोरिया सहित हमारे पड़ोसियों के साथ दोस्ती और सहयोग के पारंपरिक संबंधों को



■ **उ. कोरिया पर सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करने से इनकार**

गहरा करने से नहीं रोकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और जापान, जिन्होंने टोक्यो में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान रूस के खिलाफ आरोपों को दोहराया है, के पास कोई जांच शक्तियां नहीं हैं। उन्होंने अमेरिका और उसके 'सैटेलाइट राज्यों' पर यूक्रेन को हथियार पहुंचाकर अंतरराष्ट्रीय मानदंडों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया।



# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2023

**दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य जोनल रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी जिनका विवरण निम्नानुसार है:-**

### उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | गुरुवार, रविवार | 23.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | पटना जं. | 17:20 | | शुक्रवार, सोमवार | 24.11.2023 से 11.12.2023 |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 से 09.12.2023 |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03635 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 20.11.2023 से 08.12.2023 |
| 03636 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:00 | गया जं. | 20:45 | | मंगलवार, गुरुवार, शनिवार | 21.11.2023 से 09.12.2023 |
| 05557 | जयनगर | 06:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 21.11.2023 से 05.12.2023 |
| 05558 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:30 | जयनगर | 06:30 | | बुधवार | 22.11.2023 से 06.12.2023 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं. | 13:25 | पटना जं. | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 04677 | पटना जं. | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं. | 22:40 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04012 | नई दिल्ली | 19:20 | दरभंगा जं. | 16:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2023 तक |
| 04011 | दरभंगा जं. | 18:00 | नई दिल्ली | 16:40 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2023 तक |
| 04518 | चंडीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चंडीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04530 | भटिंडा जं. | 20:55 | वाराणसी जं. | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 04529 | वाराणसी जं. | 20:40 | भटिंडा जं. | 19:10 | | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2023 तक |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2023 तक |
| 04488 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 04487 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 01664 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:10 | सहरसा जं. | 11:20 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01663 | सहरसा जं. | 14:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:55 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 27.11.2023 से 11.12.2023 |
| 05577 | सहरसा जं. | 19:10 | अम्बाला कैंट जं. | 23:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 से 08.12.2023 |
| 05578 | अम्बाला कैंट जं. | 03:40 | सहरसा जं. | 09:45 | | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05531 | रक्सौल जं. | 22:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05532 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:00 | रक्सौल जं. | 14:30 | | सोमवार | 27.11.2023 से 11.12.2023 |
| 05273 | मुजफ्फरपुर जं. | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 22.11.2023 से 09.12.2023 |
| 05274 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:25 | मुजफ्फरपुर जं. | 07:00 | | गुरुवार, रविवार | 23.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं. | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05006 | अमृतसर जं. | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 04049 | नई दिल्ली | 23:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शनिवार | 27.11.2023 तक |
| 04050 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:30 | नई दिल्ली | 06:25 | | मंगलवार, रविवार | 28.11.2023 तक |
| 04080 | नई दिल्ली | 19:20 | वाराणसी जं. | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, गुरुवार, शनि | 30.11.2023 तक |
| 04079 | वाराणसी जं. | 18:35 | नई दिल्ली | 09:00 | | मंगल, शुक्रवार, रवि | 01.12.2023 तक |
| 01654 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:20 | वाराणसी जं. | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 01653 | वाराणसी जं. | 06:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:20 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं. | 12:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04645 | बरौनी जं. | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल (अनारक्षित विशेष) | 15:30 | पूर्णियाँ जं. | 16:05 | तिथि वार | मंगल, शुक्र | 14.11.2023 एवं 17.11.2023 |
| 04047 | पूर्णियाँ जं. (अनारक्षित विशेष) | 16:55 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | रवि, बुध, शनि | 12, 15 एवं 18.11.2023 |
| 04052 | आनंद विहार टर्मिनल (अनारक्षित विशेष) | 22:45 | सहरसा जं. | 03:30 | तिथि वार | बुध, शनि, मंगल, शुक्र | 14.11.2023 एवं 17.11.2023 |
| 04051 | सहरसा जं. (अनारक्षित विशेष) | 07:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | | सोम, गुरु, रवि | 13, 16 एवं 19.11.2023 |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल (अनारक्षित विशेष) | 08:30 | जयनगर | 07:00 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि | 12, 15 एवं 18.11.2023 |
| 04057 | जयनगर (अनारक्षित विशेष) | 11:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:00 | | सोम, गुरु, रवि | 13, 16 एवं 19.11.2023 |
| 04066 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:00 | पटना जं. | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04065 | पटना जं. | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:35 | | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:05 | बरौनी जं. | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 04061 | बरौनी जं. | 08:00 | दिल्ली जं. | 05:50 | | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01676 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 01675 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 01678 | नई दिल्ली | 08:10 | गया जं. | 00:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 27.11.2023 तक |
| 01677 | गया जं. | 07:35 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगलवार, शनिवार | 28.11.2023 तक |
| 02250 | नई दिल्ली (राजधानी स्पेशल) | 19:10 | पटना जं. | 07:30 | तिथि वार | सोम, बुध, शुक्र, रवि, मंगल | 13, 15, 17, 19 एवं 21.11.2023 |
| 02249 | पटना जं. (राजधानी स्पेशल) | 09:00 | नई दिल्ली | 21:00 | | मंगल, गुरु, शनि, सोम, बुध | 14, 16, 18, 20 एवं 22.11.2023 |
| 04002 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं. | 15:45 | तिथि वार | सोम, मंगल, गुरु | 13, 14 एवं 16.11.2023 |
| 04001 | पटना जं. | 18:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:20 | | रवि, मंगल, बुध, शुक्र | 12, 14, 15 एवं 17.11.2023 |
| 04022 | नई दिल्ली | 15:30 | सहरसा जं. | 16:30 | तिथि वार | सोम, मंगल, गुरु | 13, 14 एवं 16.11.2023 |
| 04021 | सहरसा जं. | 19:00 | नई दिल्ली | 20:20 | | रवि, मंगल, बुध, शुक्र | 12, 14, 15 एवं 17.11.2023 |
| 05283 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 18.12.2023 तक |
| 05284 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:25 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 07:00 | | गुरुवार, रविवार | 12.11.2023 से 19.12.2023 |
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 07:25 | पटना जं. | 19:00 | तिथि वार | मंगल, गुरु | 14.11.2023 एवं 16.11.2023 |
| 02251 | पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | रवि, बुध, शुक्र | 12, 15 एवं 17.11.2023 |
| 09097 | बान्द्रा टर्मिनस | 21:50 | जम्मू तवी | 08:35 | साप्ताहिक | रविवार | 12.11.2023 से 26.11.2023 |
| 09098 | जम्मू तवी | 23:20 | बान्द्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 14.11.2023 से 28.11.2023 |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 10:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09524 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13, 20 एवं 27.11.2023 |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:30 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 14, 21 एवं 28.11.2023 |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति स्पेशल) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | तिथि वार | मंगल, बुध, गुरु, शनि, रवि | 14, 15, 16, 18 एवं 19.11.2023 |
| 02245 | पटना जं. (गति शक्ति स्पेशल) | 19:00 | नई दिल्ली | 10:30 | | रवि,बुध,गुरु,शुक्र,शनि,रवि, सोम | 12,15,16,17,18, 19 एवं 20.11.23 |
| 04493 | लखनऊ (गति शक्ति स्पेशल) | 08:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:15 | तिथि वार | रविवार | 12.11.2023 |
| 04497 | वाराणसी जं. | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:10 | तिथि वार | रविवार | 12.11.2023 |
| 05734 | कटिहार | 07:50 | अमृतसर | 00:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 05733 | अमृतसर | 12:45 | कटिहार | 03:30 | | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 04525 | सहरसा जं. | 19:00 | अम्बाला कैंट | 22:20 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि | 12, 15 एवं 18.11.2023 |
| 04527 | सहरसा जं. | 19:00 | अम्बाला कैंट | 22:20 | | मंगल, शुक्र, सोम | 14, 17 एवं 20.11.2023 |
| 04526 | सरहिंद | 11:25 | सहरसा जं. | 16:00 | तिथि वार | मंगल, शुक्र | 14 एवं 17.11.2023 |
| 04528 | सरहिंद | 11:25 | सहरसा जं. | 16:00 | | सोम, गुरु, रवि | 13, 16 एवं 19.11.2023 |
| 02260 | नई दिल्ली | 18:15 | भागलपुर | 15:15 | तिथि वार | मंगलवाल, शुक्रवार | 14 एवं 17.11.2023 |
| 02259 | भागलपुर | 20:00 | नई दिल्ली | 17:00 | | बुधवार, शनिवार | 15 एवं 18.11.2023 |
| 04490 | नई दिल्ली | 19:35 | दरभंगा | 16:45 | तिथि वार | बुध, शनि | 15 एवं 18.11.2023 |
| 04489 | दरभंगा | 18:00 | नई दिल्ली | 16:40 | | गुरुवार, रविवार | 12, 16 एवं 19.11.2023 |
| 04115 | प्रयागराज जं. | 21:25 | आनन्द विहार (ट) | 08:15 | तिथि वार | मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार | 14, 17, 21 एवं 23.11.23 |
| 04116 | आनन्द विहार (ट) | 10:15 | प्रयागराज जं. | 20:00 | | बुधवार, शुक्रवार, शनिवार | 15, 18, 22 एवं 24.11.23 |
| 05023 | गोरखपुर जं. | 20:55 | दिल्ली जं. | 12:30 | साप्ताहिक | रविवार | 03.12.2023 तक |
| 05024 | दिल्ली जं. | 14:30 | गोरखपुर जं. | 07:30 | | सोमवार | 04.12.2023 तक |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार (ट) | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05116 | आनन्द विहार (ट) | 14:45 | छपरा | 09:30 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 05306 | लाल कुँआ | 22:00 | छपरा | 07:10 | तिथि वार | मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 29.12.2023 तक |
| 05305 | छपरा | 08:55 | लाल कुँआ | 18:00 | | बुध, गुरु, शनि, सोम | 30.12.2023 तक |
| 04006 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर | 23:45 | तिथि वार | रवि, बुध | 12 एवं 15.11.2023 |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं. | 01:30 | | मंगल, शुक्र | 14.11.2023 एवं 17.11.2023 |
| 04004 | नई दिल्ली (अनारक्षित त्यौहार विशेष) | 00:10 | सीतामढ़ी | 23:30 | तिथि वार | मंगल, शुक्र | 14.11.2023 एवं 17.11.2023 |
| 04003 | सीतामढ़ी (अनारक्षित त्यौहार विशेष) | 02:00 | नई दिल्ली | 01:30 | | रवि, बुध, शनि | 12, 15 एवं 18.11.2023 |
| 04016 | नई दिल्ली | 14:55 | सहरसा जं. | 15:50 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि, मंगल | 12, 15, 18 एवं 21.11.2023 |
| 04015 | सहरसा जं. | 18:00 | नई दिल्ली | 19:20 | | सोम, गुरु, रवि, बुध | 13, 16, 19 एवं 22.11.2023 |
| 02248 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | पटना जं. | 16:30 | तिथि वार | गुरु, शनि | 16.11.2023 एवं 18.11.2023 |
| 02247 | पटना जं. | 19:10 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:50 | | गुरु, शनि | 16.11.2023 एवं 18.11.2023 |
| 09129 | वडोदरा | 19:00 | हरिद्वार | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 09130 | हरिद्वार | 17:20 | वडोदरा | 11:25 | | रविवार | 12.11.2023 से 26.11.2023 |
| 05065 | गोरखपुर जं. | 23:00 | नई दिल्ली | 12:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 15.11.2023 |
| 05066 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 04:15 | | गुरुवार | 16.11.2023 |
| 05069 | गोरखपुर जं. | 08:00 | नई दिल्ली | 22:05 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14 एवं 21.11.2023 |
| 05070 | नई दिल्ली | 00:30 | गोरखपुर जं. | 14:45 | | बुधवार | 15 एवं 22.11.2023 |
| 05071 | गोमती नगर | 23:00 | नई दिल्ली | 08:15 | साप्ताहिक | गुरुवार | 16.11.2023 |
| 05072 | नई दिल्ली | 10:00 | छपरा जं. | 04:15 | | शुक्रवार | 17.11.2023 |
| 05159 | छपरा जं. | 23:55 | नई दिल्ली | 20:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.11.2023 |
| 05160 | नई दिल्ली | 00:30 | छपरा जं. | 19:25 | | सोमवार | 13 एवं 20.11.2023 |
| 09557 | भावनगर | 10:10 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17, 24.11 एवं 01.12.23 |
| 09558 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | भावनगर | 10:00 | | शनिवार | 18, 25.11 एवं 02.12.2023 |
| 05527 | दरभंगा जं. | 13:15 | दिल्ली जं. | 13:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 23.11.2023 से 07.12.2023 |
| 05528 | दिल्ली जं. | 15:30 | दरभंगा जं. | 15:45 | | शुक्रवार | 24.11.2023 से 08.12.2023 |
| 03227 | आरा जं. (अनारक्षित विशेष) | 15:45 | आनन्द विहार (ट) | 07:15 | तिथि वार | सोम, बुध, शनि | 13, 15, 18, 22, 25, 29.11 एवं 02.12.23 |
| 03228 | आनन्द विहार (ट) (अनारक्षित विशेष) | 09:30 | आरा जं. | 04:00 | | मंगल, गुरु, रवि | 14, 16, 19, 23, 26, 30.11 एवं 03.12.23 |
| 04018 | नई दिल्ली | 14:55 | बापूधाम मोतिहारी | 12:15 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 18, 21, 24 एवं 27.11.2023 |
| 04017 | बापूधाम मोतिहारी | 15:00 | नई दिल्ली | 13:15 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 19, 22, 25 एवं 28.11.2023 |
| 04028 | आनन्द विहार (ट) | 01:00 | बापूधाम मोतिहारी | 23:30 | तिथि वार | बुध, शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 15, 18, 21, 24 एवं 27.11.2023 |
| 04027 | बापूधाम मोतिहारी | 02:30 | आनन्द विहार (ट) | 23:45 | | गुरु, रवि, बुध, शनि, मंगल | 16, 19, 22, 25 एवं 28.11.2023 |
| 04534 | सरहिन्द | 20:20 | सहरसा जं. | 23:45 | तिथि वार | सोम, वीर, रवि | 13, 16, एवं 19.11.2023 |
| 04533 | सहरसा जं. | 03:00 | अम्बाला कैंट | 05:00 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 12, 15, 18 एवं 21.11.2023 |
| 04536 | चंडीगढ़ | 23:55 | कटिहार जं. | 05:00 | तिथि वार | सोम, वीर, रवि | 13, 16 एवं 19.11.2023 |
| 04535 | कटिहार जं. | 07:00 | चंडीगढ़ | 12:30 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 12, 15, 18 एवं 21.11.2023 |
| 04037 | आजमगढ़ | 12:30 | दिल्ली जं. | 04:50 | तिथि वार | रविवार | 12.11.2023 |
| 02351 | पटना जं. | 16:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 06:00 | तिथि वार | मंगल, वीर, शनि, सोम, बुध, शुक्र | 21, 23, 25, 27, 29.11.23 एवं 01.12.2023 |
| 02352 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | पटना जं. | 21:55 | | बुध, शुक्र, रवि, मंगल, गुरु, शनि | 22, 24, 26, 28, 30.11.23 एवं 02.12.23 |
| 05315 | छपरा जं. | 11:15 | दिल्ली जं. | 11:20 | तिथि वार | मंगलवार, शुक्रवार | 14.11.2023 से 01.12.2023 |
| 05316 | दिल्ली जं. | 14:00 | छपरा जं. | 13:20 | | बुधवार, शनिवार | 15.11.2023 से 02.12.2023 |
| 05089 | बनारस | 21:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14.11.2023 से 28.11.2023 |
| 05090 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 18:15 | बनारस | 09:50 | | बुधवार | 15.11.2023 से 29.11.2023 |
| 04324 | योग नगरी ऋषिकेश | 13:00 | मुजफ्फरपुर | 10:30 | तिथि वार | मंगलवार | 14.11.2023 |
| 04323 | मुजफ्फरपुर | 13:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:30 | | रविवार, बुधवार | 12.11.2023 एवं 15.11.2023 |

### उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 09076 | काठगोदाम | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 07651 | जालना | 23:35 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 07652 | छपरा | 22:15 | पुणे | 04:00 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05063 | छपरा | 16:15 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 07:25 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 तक |
| 05064 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 12:45 | सीवान जं. | 03:15 | | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं. | 09:10 | पटना जं. | 21:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 09418 | पटना जं. | 23:45 | अहमदाबाद जं. | 11:20 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 05616 | गुवाहाटी | 18:00 | उदयपुर शहर | 21:05 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 05615 | उदयपुर शहर | 13:45 | गुवाहाटी | 23:30 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05537 | दरभंगा जं. | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.12.2023 तक |
| 05538 | दौराई | 23:45 | दरभंगा जं. | 06:50 | | रविवार | 10.12.2023 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:35 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 09525 | ओखा | 22:00 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | ओखा | 03:35 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 02575 | हैदराबाद | 21:05 | गोरखपुर | 06:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 तक |
| 02576 | गोरखपुर | 08:30 | हैदराबाद | 16:20 | | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 01053 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 12:15 | बनारस | 16:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 23:55 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 01431 | पुणे | 16:15 | गोरखपुर | 21:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 01432 | गोरखपुर | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 05303 | गोरखपुर | 08:30 | महबूबनगर | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 05304 | महबूबनगर | 18:00 | गोरखपुर | 09:00 | | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 05068 | गोमती नगर | 18:55 | मालतीपाटपुर | 04:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 05067 | मालतीपाटपुर | 10:00 | गोमती नगर | 20:00 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | कटिहार | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 09190 | कटिहार | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 14.11.2023 से 28.11.2023 |
| 09101 | वडोदरा | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.11.2023 से 27.11.2023 |
| 09102 | गोरखपुर | 05:00 | वडोदरा | 08:35 | | बुधवार | 15.11.2023 से 29.11.2023 |

11.11.2023 तक की स्थिति

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहको की सेवा मे मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

उल्टा पुल्टा

पत्नी : तुम्हें जरा भी तमीज नहीं है।
मैं घंटों से बोले जा रही हूं और
तुम हो कि उबासी ले रहे हो।
पति : मैं उबासी नहीं ले रहा,
बोलने की कोशिश कर रहा हूं,
लेकिन तुम हो कि बोलने ही नहीं दे रही...!!!

# दीपावली को लेकर हाई अलर्ट पर पुलिस

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली को लेकर राजधानी दिल्ली के सभी प्रमुख व अन्य बाजारों में रौनक देखी जा रही है। शुक्रवार को धनतेरस पर बाजारों में जबरदस्त भीड़ उमड़ी थी। वहीं शनिवार को छोटी दीपावली पर भी लोगों ने खूब खरीददार की। बाजारों में भीड़ को देखते हुए दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर है। सभी जिलों की

- **राजधानी के प्रमुख बाजारों में कड़े इंतजाम**
- **सीसीटीवी कैमरों से रखी जा रही नजर**

पुलिस अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों में फ्लैग मार्च निकालकर मौजूदगी दर्ज करा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। त्योहारों पर दिल्ली हमेशा आतंकियों के निशाने पर रही है। ऐसे में राजधानी के सबसे व्यस्ततम और भीड़-भाड़ वाली पुरानी दिल्ली के विभिन्न बाजारों में पुलिस की तरफ से कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस द्वारा हर जगह सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है।



मोर्चा और मचान बनाकर पुलिस की तैनाती की गई है। स्निफर डॉग्स की मदद से भी निगरानी रखी जा रही है।

**अर्धसैनिक बलों के जवान भी किए गए तैनात**

दीपावली को देखते हुए अलग-अलग जिलों की पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी मंगवाया है, इनकी चिन्हित किए गए जगहों पर तैनाती भी की गई है। सबसे ज्यादा भीड़ वाले सदर बाजार की कई मार्केट के साथ चांदनी चौक, लाहौरी गेट के अलावा मध्य दिल्ली के पहाड़गंज, नबी करीम, कमला मार्केट, दक्षिण दिल्ली के ग्रेटर कैलाश, लाजपत नगर, सरोजिनी नगर, पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन और तिलक नगर समेत अन्य बाजारों में स्थानीय पुलिस मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ मिलकर लगातार कोऑर्डिनेशन बनाए हैं। डीसीपी नॉर्थ मनोज कुमार मीणा ने कहा कि आई एंड इयर स्कीम के तहत सदर बाजार में 1280 कैमरों की मदद से निगरानी रखी जा रही है। मुख्य जगहों पर जांच के लिए डीएफएमडी गेट लगाया गया है। पुलिसकर्मी मार्केट में गश्त कर रहे हैं। मार्केट एसोसिएशन ने भी अपने स्तर पर गार्ड की तैनाती की हुई है।

## पूर्व महापौर ने सफाई कर्मचारियों के साथ मनाई दिवाली

**नई दिल्ली।** पूर्व महापौर जय प्रकाश ने शनिवार को सफाई कर्मचारियों के साथ दिवाली मनाई। पूर्व महापौर जय प्रकाश द्वारा हर वर्षों की तरह सदर विधानसभा के रोशनआरा रोड स्थित पारीख भवन में दिवाली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में 250 से ज्यादा कर्मचारियों ने भाग लिया कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नीतिन शरद सांगवान कमल सिंह ब्रिज मोहन मनोज गुप्ता संजीव गुप्ता सहित पदाधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर जय प्रकाश ने कहा कि



सफाई कर्मचारियों के साथ दिवाली मिलन में बहुत खुशी मिलती है सफाई कर्मचारी शहर को साफ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता अभियान को सफलता पूर्वक चलाने में अपना योगदन दिया है। जय प्रकाश ने कहा की हमेशा सफाई कर्मचारियों के हित के लिए दिल्ली नगर निगम में उनकी आवाज उठाई है और हमेशा उनके लिए लड़ते रहेंगे और सभी को दिवाली पर्व की बधाई दी।

## त्यौहारों पर उपभोक्ताओं को मिलेगी भरपूर बिजली

**मेरठ,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली के पावन अवसर पर पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की ओर से सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जायेगी। प्रबन्ध निदेशक चैत्रा वी. द्वारा सभी उपभोक्ताओं को दीपावली उत्सव के उपलक्ष्य में शुभकामनाएं दी गई। उन्होंने समस्त 14 जनपदों के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि किसी भी प्रकार के ब्रेकडाउन या विद्युत आपूर्ति में व्यवधान की सूचना प्राप्त होने पर, व्यवधान को प्राथमिकता पर ठीक कराए जाए। मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ताओं को बिजलीघरों के निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये है। प्रबन्ध निदेशक ने अवर अभियन्ता, उपखण्ड अधिकारियों को बिजलीघर पर उपस्थित रहने एवं पर्याप्त संख्या में मरम्मत गैंग की पूर्व में ही व्यवस्था करने के निर्देश दिये है जिससे कि ब्रेकडाउन इत्यादि होने पर तत्काल ब्रेकडाउन अटेण्ड कर, विद्युत आपूर्ति बहाल की जा सके। डिस्कॉम मुख्यालय मेरठ पर स्थित नियंत्रण कक्ष मोबाईल नं. 9412749213 एवं विद्युत हेल्पलाईन नं. 1912 तथा निगम के टॉल फ्री नं. 18001803002 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।




## बिना वेतन के निगम कर्मचारी काली दिवाली मनाने पर मजबूर : इकबाल सिंह

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं एवं पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने निगम की आप सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली नगर निगम की आम आदमी पार्टी की सरकार ने कर्मचारियों के साथ धोखा किया है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि जब से निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है तब से कर्मचारी परेशान है ना तो उन्हें समय से सैलरी मिल पा रही है और ना ही कोई अन्य प्रकार के एरियर्स का भुगतान हुआ है। नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम चुनाव के समय आम आदमी पार्टी ने कर्मचारियों को झूठे वादे और सब्ज बाग दिखाकर सत्ता तो प्राप्त कर ली लेकिन उन वादों को पूरा करने में आम आदमी पार्टी बुरी तरह असफल रही है। उन्होंने कहा कि आज छोटी दीपावली है और निगम कर्मचारी अब तक अपनी सैलरी का इंतजार कर रहे हैं मात्र 6900 रुपए का भुगतान करके आम आदमी पार्टी वाह वाही लूटने में लगी हुई है लेकिन बिना सैलरी के निगम कर्मचारी काली दिवाली मनाने के लिए मजबूर हैं। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली की मेयर बस चिकनी चुपड़ी बातों से कर्मचारियों को बहकाने में लगी रहती हैं लेकिन उन्हें समझना चाहिए कि सिर्फ बातों से पेट नहीं भरता पेट भरने के लिए पैसे चाहिए होते हैं जो की सैलरी का भुगतान न होने की वजह से निगम कर्मचारियों के पास नहीं है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि पिछले 1 वर्ष में आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में एक भी सफाई कर्मचारी को नियमित नहीं किया गया है जबकि अंतिम बार सफाई कर्मचारियों को 2013-14 में भारतीय जनता पार्टी ने ही नियमित किया था। आप पार्टी पहले से नियमित कर्मचारियों को दोबारा पक्का करने का ढिंढोरा पीट कर अपनी पीठ थपथपा रही है लेकिन वास्तविकता में उन कर्मचारियों को भाजपा अपने कार्यकाल में पहले ही पक्का कर चुकी थी।



- **आप सरकार पर लगाया कर्मचारियों के साथ धोखा करने का आरोप**

**सार संक्षेप**

### ओम बिरला ने दीपावली पर देशवासियों को दी बधाई



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दीपावली की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी। बिरला ने अपने संदेश में कहा कि दीपावली के पावन पर्व पर आप सभी को बहुत-बहुत मंगलकामनाएं। दीपावली भारत की समृद्ध और साझा संस्कृति का प्रतीक है, यह त्योहार हमारी राष्ट्रीय चेतना का पर्व है। दीपावली के दीपों से हमें परोपकार की सीख मिलती है।

### कच्चे कर्मचारियों के बोनस में की जाएगी बढ़ोतरी : गहलोत



**नई दिल्ली।** दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन ने कर्मियों को विश्वास दिलाया कि मुख्यमंत्री से बात करके अगली बार कच्चे कर्मचारियों के बोनस में बढ़ोतरी की जाएगी। शनिवार को इस बाबत जानकारी देते हुए दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने कहा कि लगभग सभी 12 जोनों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार इस बार दिवाली पर्व पर कर्मचारियों में खुशी की लहर व्याप्त है। चेयरमैन ने कर्मचारियों के हित में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, महापौर शैली ओबेरॉय, और प्रभारी दुर्गेश पाठक का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी पिछले कई वर्षों से काली दिवाली मनाने पर मजबूर थे, बहुत वर्षों बाद वह सफाई कर्मचारी अब धूमधाम से दिवाली का पर्व मनाएंगे।

### राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर विशेष अतिथि व्याख्यान आयोजित




**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय, शिक्षा विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अंतर्गत भारतीय ज्ञान प्रणाली विषय पर विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का दिन आजाद भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद को समर्पित है। इस दिन की विशेषता लोगों को शिक्षा के अधिकार और शिक्षा के महत्व के प्रति जागरुक करने से मानी जाती रही है। मुख्य वक्ता डॉ. मनोज त्रिपाठी, लिबरल आर्ट्स और ह्यूमैनिटीज फैकल्टी ऑफ आर्ट्स और सोशल साइंस के संकायाध्यक्ष रहे। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल ने इस महत्वपूर्ण विषय पर अतिथि व्याख्यान के सफल आयोजन के लिए शिक्षा संकाय, शिक्षा विभाग को बधाई दी। शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ प्रो संदीप कुमार ने भी अपनी शुभकामनाए प्रेषित की। अतिथि व्याख्यान की शुरुआत शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. प्रो. अनोज राज ने अतिथि वक्ता का संक्षिप्त परिचय देने के साथ-साथ अतिथि व्याख्यान के विषय के महत्व पर भी अपने विचार साझा किये।

### केएसबी लिमिटेड ने तीसरी तिमाही में 31 फीसदी की वृद्धि दर्ज की

**नई दिल्ली।** भारत में लीडिंग पंप और वाल्व निर्माता में से एक, केएसबी लिमिटेड ने पिछले वर्ष की तुलना में तीसरे तिमाही में 31 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। कम्पनी के अनुसार इस तिमाही में 5,637 मिलियन रुपए की सेल्स वैल्यू हासिल किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 31 फीसदी अधिक है। 2023 की 3 तिमाही में सेल्स वैल्यू 16,446 मिलियन रुपए है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 27 फीसदी अधिक है।




## सुभारती के गृह विज्ञान विभाग में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**मेरठ,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के शहीद बाबा दीप सिंह गृह विज्ञान विभाग द्वारा उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मेरठ (उत्तर प्रदेश) के सहयोग से फल एवं सब्जी प्रसंस्करण उद्योग के विकास हेतु प्रशिक्षित मानव श्रम की आवश्यकता को देखते हुए 15 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस रोजगार परक कार्यशाला ने न केवल छात्र अपितु शिक्षकों को भी आकर्षित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.निष्मा सिंह विभागाध्यक्ष द्वारा मुख्य प्रशिक्षक सुशील सिरोही व रामावतार को पौधा भेंट करके किया गया। सिरोही एवं राम अवतार ने प्रशिक्षण कार्यशाला के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न आधुनिक फसलों के प्रसंस्करण की आवश्यकता पर बल देते हुए युवाओं में नए ज्ञान का सृजन किया एवं उन्हें विभिन्न फलों एवं सब्जियों के संरक्षण की तकनीक से अवगत कराया। इस दिशा में मुख्य रूप से सेब का मुरब्बा, सेब की चटनी, अमरूद की जेली, मार्मलेड, मिर्च का अचार, टमाटर की सॉस, अनानास का शरबत और स्क्वैश एवं गुलाब का शरबत आदि का प्रशिक्षण दिया गया व इन सभी से संबंधित आवश्यक लिखित सामग्री भी प्रदान की गई। कार्यशाला के अंतिम दिन परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें कुल 106 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## दो हजार परिवारों को मिष्ठान वितरित

**फर्रुखाबाद,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। शहर की कांशीराम कालोनी में फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष मोहन अग्रवाल के पिता सुरेश चंद्र अग्रवाल की स्मृति में करीब दो हजार परिवारों को मिष्ठान का वितरण किया गया। समाजसेवी मोहन अग्रवाल ने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार आने के बाद कानून व्यवस्था काफी दुरुस्त हुई है। अग्रवाल ने बताया कि पिता स्व.सुरेश चंद्र अग्रवाल ने वर्ष 2006 से एसआर कोल्ड स्टोरेज के आसपास रहने वाले मलिन बस्तियों के लोगों को दीपावली पर मिष्ठान वितरित कर त्योहार मनाना शुरू किया। उसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए आज वह यह कारवां यहां तक ले आए हैं। लगभग 2000 से अधिक परिवारों के 5000 लोगों के साथ दीपावली की खुशियां बांट पा रहे हैं। राजनीतिक विषय अलग है चुनाव आते हुए जाते रहते हैं। उनकी आखरी सांस जनता को समर्पित है। उनके बाद उनकी पीढ़ी समाजसेवा का कार्य करेगी। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि पढ़ाई करे, व्यापार करे, नौकरी करे किसी भी कीमत पर खाली न बैठे। नुक्कड़ों पर खड़े होने से लड़ाइयां होती है जिससे भला नहीं होने बाला है। अगर कालोनी के किसी भी व्यक्ति को कोई गंभीर समस्या है तो वह उनके पास आ सकता है सामार्थय अनुसार अवश्य मदद करेंगे।



- **हजारों गरीबों के साथ मनाई दीपावली**

## क्लीनिक पर हुई लूट का खुलासा

**मेरठ,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। नौचंदी थना क्षेत्र में डॉक्टर विकुल त्यागी की क्लीनिक पर हुई लूट के 2 अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। एक आरोपी नागेंद्र को पुलिस पहले ही अरेस्ट कर चुकी थी। पुलिस ने अन्य दो आरोपियों पंकज और पार्थ को भी अरेस्ट कर लिया है। तीनों ही आरोपियों ने पैसे की तंगी के चलते डॉक्टर की क्लीनिक में लूट का रास्ता चुना था। पुलिस, एसओजी टीम ने मिलकर पंकज पुत्र रिषीपाल जो सरधना के गांव अहमदाबाद का रहने वाला है उसे अरेस्ट किया है। साथ ही पंकज का भांजा प्रथम उर्फ पार्थ, पुत्र प्रदीप जो दादरी, नोएडा का रहने वाला है उसे भी अरेस्ट किया है। पंकज की निशानदेही पर लूट के 6200 रुपए और पार्थ की निशानदेही पर 5100 रुपए और तमंचा भी बरामद किया हे। पंकज ने बताया कि उस पर नागेंद्र के 45हजार रुपए का कर्ज था। नागेंद्र को देने के लिए उसके पास पैसा नहीं था। इसलिए उसने सोचा कि नागेंद्र के साथ मिलकर डॉक्टर विकुल के यहां लूट कर लें। इस काम में अपने भांजे प्रथम उर्फ पार्थ को शामिल किया। पार्थ दो, तीन महीने से मेरे पास यहीं रहकर नौकरी की तलाश कर रहा था। हम तीनों ने तय किया कि लूट की रकम आपस में बराबर बांट लेंगे।



## शोभित विवि ने मनाया प्रथम शिक्षा मंत्री का जन्मदिन

**मेरठ,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय ने इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल के अंतर्गत स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा भाषण का आयोजन किया गया। जिसका विषय टू इन्वेस्ट इन पीपल, प्रायोरिटाइज एजुकेशन रहा। इस कार्यक्रम का आयोजन विश्व विद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र के आशीर्वाद से एवं कुलपति प्रो. डॉ. जयानंद के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग ने किया। विश्व विद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्रों ने शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और मौलाना अबुल कलाम आजाद के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान का स्मरण किया एवं राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की महत्ता समझकर अपने जीवन को शिक्षा रूपी प्रकाश से आलोकित करने का प्रण लिया। विभागाध्यक्ष डॉ.शैल ढाका ने व्यक्त किया कि शिक्षा में निवेश राष्ट्र की समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है।

## नई अयोध्या को बनते देख रहे हम : योगी

**लखनऊ/अयोध्या,** 11 नवबर (देशबन्धु)। अयोध्या भगवान श्रीराम की प्रिय नगरी है और इसे दुनिया की सबसे सुंदर नगरी के रूप में विकसित करने के लिए डबल इंजन की सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि हम सब नई अयोध्या को बनते हुए देख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या में जितने पर्यटक आ रहे हैं, उससे 10 गुना ज्यादा पर्यटक आगामी मकर संक्रांति और 22 जनवरी 2024 को भव्य राममंदिर के उद्घाटन के बाद यहां आने लगेंगे। इसलिए अयोध्यावासी अभी से अतिथि देवो भव: के संकल्प के साथ जुड़ जाएं। अयोध्यावासी उस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दें। यह बातें शनिवार को दीपोत्सव के अवसर पर रामकथा पार्क में प्रभु श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण जी के वंदन अभिनंदन एवं प्रतीकात्मक राज्याभिषेक कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही।

**अयोध्या का दीपोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को कर रहा साकार : मुख्यमंत्री**

अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब दीपोत्सव का कार्यक्रम यहां प्रारंभ हुआ था तक अयोध्यावासियों में उत्साह के साथ तमन्ना भी दिखती थी। एक नारा गूंजता था कि योगी जी एक काम करो, मंदिर का निर्माण करो...। आज 500 वर्षों के बलिदानों, आंदोलनों, अभियानों के उपरांत प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। अब अयोध्यावासियों की जिम्मेदारी बनती है कि जब 22 जनवरी को जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भगवान श्रीराम को उनके भव्य मंदिर में विराजमान करने के लिए आएं, तब अयोध्या में उनका स्वागत भी ऐतिहासिक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने दीपावली की सभी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हम यहां दीपोत्सव के साक्षी बन रहे हैं।

यह दीपोत्सव दुनिया के 100 से अधिक देशों में लाइव हो रहा है। दुनिया देख रही है कि कैसे भगवान श्रीराम हजारों साल पहले पुष्पक विमान से अयोध्या आए होंगे और कैसे देवताओं ने आकाश से पुष्पवर्षा की होगी। हमने सात साल पहले इस कार्यक्रम को जब शुरू किया तो असमंजस की स्थिति थी। उस वक्त पूज्य संतों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से यहां जिस कार्यक्रम को शुरू किया गया, वो आज प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर रहा है।

### अयोध्या को दुनिया में प्रतिष्ठापित कर रहा है दीपोत्सव : आनंदीबेन

इस अवसर पर अपने संक्षिप्त संबोधन में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि यह दिव्य दीपोत्सव भगवान राम की अयोध्या को पूरी दुनिया में प्रतिष्ठापित कर रहा है। भगवान श्रीराम और रामायण भारतीय संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के वाहक हैं। हर घर में रामायण होती है। भारत सहित विश्व के अतीत में किसी ना किसी रूप में प्रभु श्रीराम रचे बसे हुए हैं।

**आयोजन** *विश्व उर्दू दिवस पर विभिन्न विभूतियां हुईं सम्मानित*

## आम जनमानस के तरफ से की जा रही सराहना : खान

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। विश्व उर्दू दिवस के अवसर पर दिल्ली की बस्ती हजरत निजामुद्दीन स्थित गालिब एकेडमी में आयोजित समारोह में विभिन्न हस्तियों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक वर्ष 9 नवम्बर को विश्व उर्दू दिवस समारोह का आयोजन उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन एवं विश्व उर्दू दिवस समारोह आयोजन समिति की तरफ से किया जाता है। उर्दू डेवलपमेंट आर्गेनाईजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व विश्व उर्दू दिवस समारोह आयोजन समिति के संयोजक डॉ. सैयद अहमद खान ने बताया कि पिछले 26 वर्षों से।

उर्दू दिवस समारोह का आयोजन करते आ रहे हैं। आम जनमानस के तरफ से इसकी सराहना भी की जा रही है। लेकिन सरकारी स्तर पर उर्दू की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। हम उम्मीद करते हैं कि केंद्र व राज्य सरकारें आम जनमानस की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस संबंध में उचित कदम उठाएंगी। प्रोफेसर अख्तरुल वासे में कहा है कि भाषाओं का कोई धर्म नहीं होता। भाषा धर्म से ऊपर होती है। भाषाओं को धर्म से कभी भी नहीं जोड़ा जाना चाहिए। उर्दू भाषा के विकास और उत्थान के लिए हम सबको सामने आना चाहिए।



- **सरकारी स्तर पर उर्दू की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है**

सरकार के भरोसे हमें नहीं बैठना चाहिए। हमें अपने स्तर पर उर्दू भाषा के विकास के लिए प्रयास करना चाहिए। उर्दू भाषा का भविष्य उज्ज्वल है और हमें इसको लेकर के चिंतित होने की जरूरत नहीं है। कोई भी भाषा सरकार को मेमोरेंडम या ज्ञापन देकर के जिंदा नहीं रह सकती है हमें इससे ऊपर उठकर काम करने की जरूरत है। गालिब अकादमी में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रोफेसर अख्तरुल वासे, पूर्व सांसद मोहम्मद अफजल, प्रोफेसर खालिद महमूद, प्रोफेसर सैफर रसूल, प्रो. डॉ सलीम किदवई, डॉ. सैयद फारूक, मौलाना मोहम्मद रहमानी, पूर्व विधायक हसन अहमद, वरिष्ठ पत्रकार गौतम लहरी, मासूम मुरादाबादी, सोहेल अंजुम, आदि ने अपने विचार व्यक्त किया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों शमीम तारिक, प्रो अहमद महफूज, डॉ शाईरुल्ला खान, फहीम अहमद, असद मिर्जा, नवाज देवबंदी, डॉ. राहत मजाहरी, डॉ. महताब अमरोही, फरीद अहमद फरीद, रहीम रजा, मौलाना जाहिद अमीनी, मास्टर अब्दुल मोबीन खान आदि को सम्मानित किया गया।

## समाज के अंतिम दरवाजे तक स्मृति का दिवाली उपहार

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। समाज के अंतिम दरवाजे तक स्मृति ईरानी के उपहार बांटे जा रहे हैं। जिससे उपहार पाने वालों की दिवाली खुशियों भरी होगी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी नौ साल से अमेठी की जनता को होली और दिवाली पर उपहार भेजती है। लेकिन इस बार की मिठाई समाज के अंतिम दरवाजे तक पहुंच गई है। मिठाई के साथ दलित बस्तियों में साड़ी भी बंट रही है। वितरण की जिम्मेदारी पचास से ज्यादा टीम के पास है। मंत्री के अपर सचिव विजय गुप्ता बीस दिन पहले से पूरी टीम के साथ दिवाली का उपहार बांटने में जुटे हैं। साथ में पूरी भाजपा है। विजय गुप्ता ने कहा कि हर घर में दिवाली होनी चाहिए। इसके लिए दीदी उपहार भेजती है। उन्होंने कहा कि स्मृति ईरानी देश की नेता हैं। लेकिन महीने में तीन से चार बार अमेठी आती है। पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, अमरेंद्र सिंह पिंटू और राजेश मसाला भी कार्यकर्ताओं को मिठाई बांट रहे हैं।साथ में केंद्रीय मंत्री का उपहार भी। इसके पहले अमेठी में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में सवा लाख खिलाड़ी खेल में उतरे थे। इसमें 15 हजार विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किए थे। स्मृति ईरानी 2014 से अमेठी में डटी हुई है। पहली बार चुनावी हार के बाद भी जनता के दुख-सुख में बराबर खड़ी थी। जिससे 2019 में राहुल गांधी को हराकर स्मृति ईरानी सांसद चुनी गई थी। जबकि अमेठी गांधी परिवार का गढ़ माना जाता था।



# प्रादेशिकी

## आजमगढ़ के हॉकी मैदान पर 11 हजार दीये जलाकर मनाया गया दीपोत्सव

**आज़मगढ़,**11 नवम्बर (एजेंसियां)। दीपावली का पर्व यूं तो देशभर में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है लेकिन उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में पिछले सात वर्षों से लगातार चौरी बेलहा पीजी कालेज तरवा के हॉकी खिलाड़ी कुछ अलग ही अंदाज में मनाते हुए पर्व से एक दिन पूर्व दीपोत्सव का आयोजन करते हैं। जिले के हॉकी के खिलाड़ियों ने कुछ अलग अंदाज में मैदान पर 11 हजार दीपक रोशन कर हॉकी के खिलाड़ियों ने दीपोत्सव मनाया। खिलाड़ियों ने खेल के मैदान को दीपों से सजाया और अलग तरह से दीप जलाया। इस दीपोत्सव महापर्व पर कालेज के प्रबंधक प्रभाकर सिंह के अलावा शिक्षकों, हॉकी के प्रशिक्षकों व खिलाड़ियों के अलावा कुछ समाजसेवियों ने प्रतिभाग किया। इस पीजी कॉलेज में एक हॉकी अकादमी चलाई जाती है। यह उसी हॉकी अकादमी के छात्र हैं।

## कपड़े के गोदाम में आग लगी

**मेरठ,**11 नवम्बर (देशबन्धु)। कपड़े के बंद गोदाम और पावर लूम के कारखाने में भीषण आग लग गई। आग की ऊंची ऊंची लपट देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे और घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पाकर घटना स्थल पर पांच फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग बुझाने का प्रयास कर रही है। वही पतली गली होने के चलते आग बुझाने में फायर ब्रिगेड कर्मियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आग शॉर्ट सर्किट से लगी बताई जा रही है। घटना नौचंदी थाना क्षेत्र ढवाई नगर की है। ढवाई नगर गली नंबर एक के रहने वाले मसरूर अहमद का करीमनगर स्थित गली नंबर 7 में पावर लूम का कारखाना है। कारखाने के बराबर में उसी का कपड़े का गोदाम भी है। शनिवार को कारखाने की छुट्टी होने के कारण कारखाना बंद था। शाम करीब 7:30 बजे कारखाने में भीषण आग लग गई।

## जिस्मफरोशी के आरोप में दो गिरफ्तार

**मेरठ,**11 नवम्बर (देशबन्धु)। मेरठ में एक मकान में जिस्मफरोशी के धंधे की जानकारी मिलने पर मोहल्ले वासियों ने हंगामा कर दिया। इस दौरान मोहल्ले के लोगों ने एक किशोरी सहित युवक और मकान मालकिन को पकड़ लिया और मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और तीनों आरोपियों को चौकी लाकर पूछताछ शुरू कर दी। पिल्लोखड़ी चौकी क्षेत्र रशीदनगर स्थित फूलवाली गली में आबिद का मकान है। मोहल्ले वासियों के अनुसार आबिद की पत्नी एक साल से अपने मकान में जिस्म फरोशी का धंधा करा रही है। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि मामले की जानकारी कई बार पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं।






















































Matrimonials
*रिश्ते ही रिश्ते*
MarryMantra
Matrimonial & Matchmaking Service
*रजिस्ट्रेशन फ्री*
Send Biodata with photo at :
marrymantra24@gmail.com





















# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.09 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.50 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.31 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.06 प्रतिशत |
| एलटी | 1.00 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.56 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.33 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.22 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.00 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |



## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## रूप चतुर्दशी पर देश में लगभग 15 हजार करोड़ रुपए के सौंदर्य प्रसाधन की बिक्री

**नई दिल्ली,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। कोविड के बाद यह पहला साल है जब लोग बिना किसी बीमारी के भय के दिवाली का त्योहार मनायेंगे और यही वजह है कि इस बार बाज़ारों में ग्राहकों की रौनक़ देखने को मिल रही है और दिल्ली सहित देश के सभी बाज़ारों में बड़ा व्यापार हो रहा है।

कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) की ओर से पूर्व में जारी एक अनुमान के अनुसार इस वर्ष दिवाली के त्योहारों के सीजन में लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने का आकलन किया गया था, जो निश्चित रूप से पार होता दिख रहा है। दिवाली त्योहारों की कड़ी में आज देश भर में रूप चतुर्दशी मनायी जा रही है और इस दिन सौंदर्य प्रसाधन ख़रीदने की बड़ी मान्यता है। महिलायें आज के दिन अन्य वस्तुओं के अलावा विशेष रूप से ब्यूटी कास्मेटिक्स एवं अन्य सौंदर्य प्रसाधन ख़रीदती हैं। कैट के मुताबिक़ आज देश भर में लगभग 15 हज़ार करोड़ रुपये के ब्रांडेड एवं नॉन ब्रांडेड सौंदर्य प्रसाधन की



बिक्री हुई । इसके अतिरिक्त आज बड़ी मात्रा में कुम्हारों एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाये गये मिट्टी के दीये, मिट्टी से बनी भगवान की मूर्ति, वन्दनवार, शुभ लाभ के चित्र, कृतिम फूलों की लड़ी, श्री लक्ष्मी जी के शुभ पैरों के प्रत्येक चिह्न के चित्र आदि भी ख़रीदे जायेंगे।

एक अनुमान के अनुसार देश भर में आज लगभग दो हज़ार करोड़ रुपये के इन सामानों की बिक्री हुई ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दिवाली 'वोकल फॉर लोकल' के आह्वान के बाद इन वस्तुओं की बिक्री में बड़ा इजाफ़ा हो रहा है। कल देश भर में दिवाली पूजा तथा घरों को सजाने के लिए फल एवं फूलों का बड़ा कारोबार होगा। कल देश में लगभग पांच हज़ार करोड़ रुपये के फूल बिकेंगे। इन फूलों में ख़ास तौर पर कमल का फूल, गुलाब, गेंदा, रजनीगंधा, मोगरा, कनेर, गोदावरी और चमेली की ज़्यादा बिक्री होती है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि दिल्ली तथा देश भर में व्यापारी कल अपनी दुकानों पर दिवाली की पूजा करेंगे और ग्राहकों के ख़रीदी व्यवहार को देखते हुए टेक्नोलॉजी के बढ़ते उपयोग को ध्यान में रखते हुये इस बार व्यापारियों द्वारा दिवाली पूजा में बायोमेट्रिक मशीन, पेमेंट उपकरण एवं मोबाइल फोन से लगने वाले एयर पॉड की भी पूजा की जायेगी। पुरातन रूप से श्री गणेश जी, श्री लक्ष्मी जी, श्री कुबेर जी और श्री हनुमान जी के अलावा लैपटॉप, कंप्यूटर, प्रिंटर, की भी पूजा होगी और व्यापार में वृद्धि की कामना की जायेगी।

कैट की ज्योतिष एवं वैदिक समिति के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध वेद मर्मज्ञ आचार्य दुर्गेश तारे ने बताया कि कल दिवाली पूजा के अनेक मुहूर्त हैं । उन्होंने बताया कि कल दीपावली पर लक्ष्मी पूजन प्रात: 08:1 से 12:11 तक, दोपहर 1:34 से 2:57 तक, शाम 5:44 से 10:34 तक तथा अर्धरात्रि में 1:48 से 3:24 तक के समय में किया जा सकता है।

## कोको की कीमतें 1978 के बाद उच्चतम स्तर पर पहुंची



**न्यूयॉर्क,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क में शुक्रवार को कोको की कीमतें 4,000 डॉलर प्रति टन से ऊपर पहुंच गईं हैं, जो 1978 के बाद सबसे अधिक है। बताया जा रहा है कि पश्चिम अफ्रीका में खराब फसल की वजह से इस सप्ताह कीमतों में तेजी आई है।

जीरो हेज की रिपोर्ट के अनुसार, यह जोखिम भी बढ़ रहा है कि अल नीनो-प्रेरित मौसम की गड़बड़ी के कारण दुनिया का कोको बाजार तीसरे वर्ष घाटे में डूब सकता है।

ब्लूमबर्ग के अनुसार, दुनिया के सबसे बड़े कोको उत्पादकों में से कुछ आइवरी कोस्ट और घाना में फसल की पैदावार कम हो रही है, जिससे आपूर्ति कम हो गई है, इसलिए उच्च कीमतों का समर्थन किया जा रहा है।

जीरो हेज की रिपोर्ट के अनुसार, एडीएम इन्वेस्टर सर्विसेज इंक के विश्लेषकों ने एक नोट में कहा, बाजार इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं है कि 2023/24 के लिए आपूर्ति घाटे से बचने के लिए उत्पादन में पर्याप्त सुधार होगा।

न्यूयॉर्क में कोको वायदा 1 प्रतिशत बढ़कर 45 वर्षों में पहली बार 4,000 डॉलर प्रति टन से ऊपर पहुंच गया है।

इस सप्ताह की शुरुआत में ओरियो-मेकर मोंडेलेज़ इंटरनेशनल ने कहा कि कोको और चीनी की बढ़ती कीमतों के कारण उसे अपने कुछ उत्पादों की कीमतें बढ़ानी होंगी।

जीरो हेज की रिपोर्ट के अनुसार, इस बीच अप्रैल में ग्लोबल कमी की आशंका के कारण चीनी की कीमतें एक दशक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। और इन्वेंट्री के 24 साल के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद अरेबिका कॉफी की कीमतें बढ़ने वाली हैं।

## सितंबर में शुरू हुई एफपीआई की बिकवाली का नवंबर में भी रुकने का संकेत नहीं

**नई दिल्ली,** 11 नवंबर (आईएएनएस)। सितंबर में शुरू हुई एफपीआई की बिकवाली का रुझान अक्टूबर में भी जारी रहा और नवंबर में भी इसके रुकने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है, हालांकि इस महीने बिकवाली की तीव्रता में कमी आई है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने ये बात कही है।

एनएसडीएल के आंकड़ों के मुताबिक, 10 नवंबर तक एफपीआई ने 5,805 करोड़ रुपये की बिकवाली की। दूसरी तिमाही के शानदार नतीजों और बेहतर संभावनाओं के बावजूद एफपीआई ने वित्तीय क्षेत्र में बिकवाली जारी रखी है।

उन्होंने कहा कि अनिश्चितता के इस समय में, एफपीआई जोखिम-मुक्त अमेरिकी बांड यील्ड की तलाश कर रहे हैं, जहां 10-वर्षीय यील्ड लगभग 4.64 प्रतिशत है।

वित्तीय क्षेत्र में एफपीआई की निरंतर बिकवाली ने बैंकिंग शेयरों के मूल्यांकन को आकर्षक बना दिया है। यह दो साल और उससे अधिक वाले निवेशकों के लिए एक अवसर है।

आम चुनावों से पहले शेयर बाजार में तेजी की संभावना है जैसा कि पिछले पांच आम चुनावों के दौरान हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रमुख बैंकिंग शेयरों में रैली में बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता है।

## एलजी एनर्जी सॉल्यूशन व फोर्ड ने की ईवी बैटरी प्लांट की योजना रद्द

**सियोल,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की शीर्ष बैटरी निर्माता एलजी एनर्जी सॉल्यूशन लिमिटेड (एलजीईएस) ने शनिवार को कहा कि फोर्ड मोटर के साथ तुर्की में बैटरी प्लांट बनाने की उसकी योजना रद्द कर दी गई है, क्योंकि एक तुर्की भागीदार ने परियोजना में अपनी भागीदारी वापस ले ली है।

फरवरी में, एलजी एनर्जी सॉल्यूशन ने तुर्की की राजधानी अंकारा के पास एक शहर बास्केंट में ईवी बैटरी बनाने के लिए एक संयुक्त उद्यम पर जोर देने के लिए फोर्ड और तुर्की के कोक होल्डिंग के साथ एक गैर-बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, कोक ने ईवी अपनाने पर विचार करने और बैटरी निवेश के लिए अनुचित समय का हवाला देते हुए अपनी भागीदारी रद्द




करने का फैसला किया।

उनका निर्णय इस बढ़ती चिंता के बीच आया कि आर्थिक मंदी और बढ़ती लागत के बीच ईवी की मांग कम हो सकती है। एलजी एनर्जी सॉल्यूशन ने उस समय कहा था कि कारखाने की शुरुआत में 2026 में 25 गीगावाट घंटे (जीडब्ल्यूएच) की उत्पादन क्षमता होगी, इससे पहले कि इसका वार्षिक उत्पादन 45 गीगावॉट तक विस्तारित हो।

प्लांट से उत्पादन फोर्ड को उसके वाणिज्यिक वाहनों, ज्यादातर ट्रांजिट वैन के इलेक्ट्रिक संस्करण के लिए आपूर्ति किया जाना था। फोर्ड और कोक का तुर्की में एक संयुक्त उद्यम है, जो सालाना 450,000 वाणिज्यिक कारों का उत्पादन करता है, और उनमें से अधिकांश यूरोप में बेची जा रही हैं।

एलजी एनर्जी सॉल्यूशन ने कहा कि तुर्की ईवी बैटरी परियोजना के रद्द के बाद फोर्ड को बैटरी की आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी।

दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी बैटरी निर्माता एलजीईएस की वैश्विक उत्पादन क्षमता 200 गीगावॉट प्रति वर्ष है, इसके वैश्विक उत्पादन स्थल छह देशों में चल रहे हैं। 2022 के अंत तक, इसका ऑर्डर बैकलॉग 385 ट्रिलियन वॉन (294.8 बिलियन डॉलर) था।

## सार संक्षेप

### बीएसई ने दूसरी तिमाही के शुद्ध लाभ में 4 गुना उछाल दर्ज किया

**मुंबई।** देश के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध मुनाफा चार गुना बढ़कर 118.4 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले साल की समान तिमाही में एक्सचेंज ने 29.4 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बीएसई के एक बयान के अनुसार, इस साल दूसरी तिमाही में स्टॉक एक्सचेंज का राजस्व 53 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 367 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 240 करोड़ रुपये था। इक्विटी सेगमेंट में एक्सचेंज का औसत दैनिक कारोबार दूसरी तिमाही में बढ़कर 5,922 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 4,740 करोड़ रुपये था। बीएसई के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुंदररमन राममूर्ति ने कहा, हम मानव संसाधनों, नए उत्पादों, प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे आदि के विकास में निवेश करना जारी रखेंगे। इस तरह शेयरधारकों के लिए दीर्घकालिक विकास करेंगे और वाइब्रेंट बीएसई 2025 के अपने मिशन को पूरा करेंगे।

### धनतेरस पर हुई जमकर खरीददारी, दो हजार करोड़ का कारोबार

**नोएडा।** नोएडा में इस बार धनतेरस पर लोगों ने जमकर खरीदारी की है। सोना चांदी, बर्तन, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, वाहनों की बिक्री और प्रॉपर्टी में भी लोगो ने जमकर इन्वेस्ट किया। अनुमान के मुताबिक दो दिनों में करीब 2000 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ है। ये पिछले साल से दो गुना है। बताया गया कि पिछले साल तक कोरोना का इफेक्ट्स बाजार पर दिखा था। लेकिन इस बार त्योहार पर लोग जमकर खरीदारी कर रहे है। बीती रात करीब 1=00 बजे तक सभी मार्केट खुला रहे और लोगों ने जमकर खरीदारी की। मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के चलते लोग आराम से शॉपिंग कर रहे थे। शात तक शहर बाजारों में पैर रखने तक की जगह नहीं थी। जुलरी शॉप से लेकर कपड़े और सजावटी समानों पर जमकर लोगों की भीड़ रही। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के दिल्ली-एनसीआर संयोजक और सेक्टर 18 मार्केट एसोसिएशन नोएडा के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने बताया कि कुल कारोबार में फूड और किराना की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत रह सकती है। आभूषण की हिस्सेदारी 9 प्रतिशत रहने की संभावना है। गारमेंट सेक्टर में 12 प्रतिशत हिस्सेदारी हो सकती है। इसके अलावा ऑटो मोबाइल सेक्टर में लोगों के चेहरे खिले दिखे। इस बार धन तेरस पर करीब दो हजार वाहनों की डिलवरी कराई गई। इसमें 1100 दोपहिया और 900 चार पहिया वाहन शामिल है। इसमें एक करोड़ रुपए से ज्यादा करीब 25 लग्जरी कार भी शामिल है। जिनका रजिस्ट्रेशन एआरटीओ में हुआ। इस बार दो दिनों में ग्रोसरी की हिस्सेदारी 300 करोड़ रुपए हो सकती है। आभूषण की हिस्सेदारी 200 करोड़ रुपए, परिधान क्षेत्र की हिस्सेदारी 150 करोड़ रुपए होने की संभावना है। 100 करोड़ ड्राई फरूट के हो सकते हैं।


## टेक फर्म्स और स्टार्टअप्स ने 2023 में अब तक लगभग 2.5 लाख कर्मचारियों को निकाला

**नई दिल्ली,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। वैश्विक प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप सेक्टर में इस साल अब तक लगभग 2.5 लाख कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा चुका है। टेक सेक्टर में छंटनी पिछले दो साल से लगातार जारी है। वेबसाइट ले ऑफ्स द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, लगभग 1,106 टेक कंपनियों ने (11 नवंबर तक) 248,974 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है।

पिछले साल 1,024 टेक कंपनियों ने कुल 154,336 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। वैश्विक आर्थिक स्थितियों का हवाला देते हुए, बिग टेक फर्मों और स्टार्टअप्स ने कर्मचारियों को निकाला है।

पिछले दो वर्षों में हर दिन औसतन लगभग 555 कर्मचारियों ने अपनी नौकरियां खो दीं - या हर घंटे 23 कर्मचारी। अकेले जनवरी में 89,554 कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया गया।

रिटेल टेक और कंज्यूमर टेक में इस साल सबसे अधिक कर्मचारियों की छंटनी हुई है। 2023 अभी ख़त्म नहीं हुआ है। बाकी बचे महीनों में और अधिक छंटनी होना तय है। इस



महीने कई टेक और गेमिंग कंपनियों ने कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया।

फ्रांसीसी वीडियो गेम कंपनी यूबीसॉफ्ट, जिसने असैसिन्स क्रीड और फार क्राई जैसी लोकप्रिय फ्रेंचाइजी निकाली, ने कॉर्पोरेट पुनर्गठन के हिस्से के रूप में लगभग 124 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया।

गेम डेवलपमेंट सॉफ्टवेयर कंपनी यूनिटी ने घोषणा की है कि वह लागत-बचत उपायों के हिस्से के रूप में छंटनी कर सकती है। स्नैपचैट

- **पिछले साल 1,024 टेक कंपनियों ने कुल 154,336 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था**
- **पिछले दो वर्षों में हर दिन औसतन लगभग 555 कर्मचारियों ने अपनी नौकरियां खो दीं**

की मूल कंपनी स्नैप ने सोशल मैसेजिंग कंपनी को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से एक पुनर्गठन के हिस्से के रूप में प्रोडक्ट मैनेजमेंट विभाग से लगभग 20 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया।

मल्टी-क्लाउड एप्लिकेशन सुरक्षा और डिलीवरी में वैश्विक अग्रणी यूएस-आधारित एफ5 ने कथित तौर पर इस महीने 120 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया।

वैश्विक संचार कंपनी वायासैट 800 कर्मचारियों की छंटनी कर रही है, जो उसके कार्यबल का लगभग 10 प्रतिशत है। अमेरिका स्थित साइबर सुरक्षा कंपनी स्प्लंक ने अपने वैश्विक कार्यबल के लगभग 7 प्रतिशत को नौकरी से निकालने की घोषणा की है।

## पाकिस्तान का शेयर बाजार अब तक के उच्चतम स्तर पर

**कराची,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज (पीएसएक्स) ने एक नया मील का पत्थर स्थापित करते हुए 55,000 के स्तर को पार कर लिया है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को बेंचमार्क के केइसई -100 इंडेक्स 55,506.32 अंक पर पहुंच गया। एक्स पर आरिफ हबीब लिमिटेड के अनुसार, केएसई-100 इंडेक्स 55,000 के स्तर को पार कर अब तक के उच्चतम स्तर पर है। आरिफ हबीब लिमिटेड (एएचएल) के शोध प्रमुख ताहिर अब्बास ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की पहली समीक्षा में सफलता मिलने की उम्मीदों ने बाजार को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, अपेक्षित मौद्रिक नरमी के साथ-साथ मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में बढ़ोतरी और बाजार के अब तक के उच्चतम स्तर पर होने के बावजूद आकर्षक मूल्यांकन स्थानीय शेयर बाजार में निवेशकों के सेंटीमेंट्स




को बढ़ा रहा है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इंटरमार्केट सिक्योरिटीज के इक्विटी प्रमुख रजा जाफरी ने कहा कि मजबूत घरेलू संस्थागत खरीदारी और पाकिस्तान इन्वेस्टमेंट बॉन्ड (पीआईबी) की रीटर्न में कमी के कारण केएसई-100 लगातार नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, आईएमएफ की चल रही समीक्षा अगली अहम् चेकपॉइंट है। गुरुवार के 482.7 मिलियन की तुलना में कुल ट्रेडिंग वॉल्यूम बढ़कर 640.8 मिलियन शेयर हो गया।

## जिंसों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। चना और दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6050-6150, दाल चना 7050-7150, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-2800 रुपये और **चावल :** 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## अमेरिका से छिन सकता है मूडीज एएए क्रेडिट रेटिंग

**न्यूयॉर्क,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस द्वारा देश के ऋण परिदृश्य को नकारात्मक में बदलने के बाद अमेरिका अपनी परफेक्ट क्रेडिट रेटिंग खोने के एक कदम और करीब पहुंच गया है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि इस कदम यह मतलब नहीं है कि इससे देश की साख अपने-आप कम हो जाएगी, लेकिन इससे ऐसा होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी रेटिंग में गिरावट की संभावना भी अमेरिकियों के निवेश पोर्टफोलियो को नुकसान पहुंचा सकती है, उनके लिए पैसा उधार लेना तथा सरकार के लिए अपने कर्ज का भुगतान करना और भी महंगा हो सकता है।

यदि मूडीज़ अंतत: अमेरिकी



ऋण साख को कम करता है तो ये प्रभाव और भी अधिक दर्दनाक होंगे।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, मूडीज ने एक बयान में कहा कि वाशिंगटन में अत्यधिक पक्षपात के कारण देश की कम होती राजकोषीय ताकत इस कार्रवाई की मुख्य वजह थी।

बयान में कहा गया है, उच्च ब्याज दरों के संदर्भ में सरकारी खर्च को कम करने या राजस्व बढ़ाने के लिए प्रभावी राजकोषीय नीतिगत उपायों के बिना, मूडीज को उम्मीद है कि अमेरिका का राजकोषीय घाटा बहुत बड़ा रहेगा, जिससे ऋण सामर्थ्य काफी कमजोर हो जाएगा।

अमेरिकी सरकार के अधिकारियों ने अन्य कारकों के अलावा, अमेरिकी राजकोष की तरलता का हवाला देते हुए इस कदम को पीछे धकेल दिया।

अमेरिका के उप वित्त मंत्री वैली एडेइमो ने एक बयान में कहा, हम दृष्टिकोण में बदलाव कर नकारात्मक करने से असहमत हैं।

इसमें कहा गया है, अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है, और ट्रेजरी प्रतिभूतियां दुनिया की प्रमुख सुरक्षित और तरल संपत्ति हैं।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, तीन प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों में से सिर्फ मूडीज ही वर्तमान में अमेरिका को एएए की उत्कृष्ट रेटिंग प्रदान किये हुये है, जिसे उसने 1917 से बनाए रखा है।

स्टैंडर्ड एंड पूअर्स ने ऋण सीमा गतिरोध के बाद 2011 में पहली बार अमेरिका की रेटिंग घटाई थी।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, हालिया ऋण सीमा बहस के बाद फिच रेटिंग्स ने भी इस साल अगस्त में अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग घटा दी थी।

# खेल जगत

## एलिसा हीली ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी के लिए 100 प्रतिशत तैयार



**सिडनी,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। एलिसा हीली को भरोसा है कि वह भारत दौरे के लिए फिट होंगी और साथ ही उन्होंने यह भी साफ़ किया है कि वह मेग लैनिंग के संन्यास लेने के बाद स्थाई तौर पर कप्तानी करना चाहती हैं। पिछले 12 महीनों में हीली ने भारत दौरे, एशेज और वेस्टइंडीज के ख़िलाफ़ सीरीज़ के लिए लैनिंग के स्थान पर कप्तानी की है। अब लैनिंग के जाने के बाद स्थाई कप्तान पर फ़ैसला लिया जाना है। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के दौरे के बाद हीली ने कहा था कि विकेटकीपिंग और बल्लेबाज़ी के साथ कप्तानी का भी भार उठाना उनके लिए काफ़ी मुश्किल काम है। हीली ने कहा, मैं कप्तानी करती रही क्योंकि उम्मीद थी कि लैनिंग वापस आएंगी। अगला कप्तान कौन होगा इसका फ़ैसला ज़िम्मेदार लोग लेंगे। मुझे नहीं पता कि वे लंबी अवधि वाला कप्तान खोजेंगे या फिर कोई छोटी अवधि के लिए। अगर मुझे बुलाया जाता है तो निश्चित रूप से मैं इस मौके को स्वीकार करूंगी।

# विराट की निगाहें सबसे पहले दुनिया में वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों में शतकों के अर्धशतक पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। विराट कोहली की निगाहें अब अपने आदर्श सचिन तेंडुलकर को भी पीछे छोड़ दुनिया में सबसे पहले वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतकों का अर्धशतक जड़ अपने दूसरे घर बेंगलुरू में भारत को नीदरलैंड के खिलाफ रविवार को आईसीसी क्रिकेट वन डे विश्व कप 2023 के आखिरी और नौवें राउंड रॉबिन लीग मैच में भी जीत दिला उसका अजेय क्रम बरकरार रखने पर है। बेशक नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को धर्मशाला में हरा कर बड़ा उलटफेर किया हो लेकिन उससे भारत के विजयक्रम को रोकने की आस बेमानी ही है। भारत और नीदरलैंड अब तक वन डे विश्व कप में दो भिड़े हैं और दोनों बार जीत उसके ही हिस्से आई। भारत की कोशिश नीदरलैंड के खिलाफ रविवार को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम वन डे विश्व कप में लगातार तीसरी जीत के साथ उसके खिलाफ अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखने की होगी। भारत के धुरंधर बल्लेबाज विराट और केएल राहुल का चिन्नास्वामी मैदान से खास रिश्ता है और ये दोनों अपने चीफ कोच राहुल द्रविड़ को उनके गृह मैदान पर 'जीत' का तोहफा देने में कसर नहीं छोड़ेंगे। खासतौर पर विराट और केएल राहुल की हौसलाअफजाई के लिए उनके प्रशंसक चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

- नीदरलैंड से भारत के विजयक्रम को रोकने की आस बेमानी
- शमी व बुमराह की गेंद की धार से पार पाना एंजेलब्रेक्ट व एडवर्ड्स के लिए आसान नहीं



भारतीय टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी, धारदार गेंदबाजी और बेहद चुस्त फील्डिंग की बानगी पेश कर शुरू के आठों मैच जीत कर शीर्ष पर रह कर सबसे पहले सेमीफाइनल में स्थान बनाकर देशवासियों को दीवाली से पहले ही खुशियों के दीप जलाने का मौका दे दिया। भारत ने शुरू के पांच मैच बाद मे बल्लेबाजी करते हुए और इससे अगले तीनों मैच पहले बल्लेबाजी करते हुए जीते हैं। भारत की असली दिवाली तो तब ही मनेगी जब वह 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल जीत तीसरी बार वन डे विश्व कप खिताब जीतेगा लेकिन इससे पहले उसे सेमीफाइनल की अंतिम पूर्व बाधा को पार करना होगा। नीदरलैंड की बल्लेबाजी उसके लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दो-दो -दो अर्द्धशतक जडने् वाले साइब्रेंड एंजेलब्रेक्ट (255 रन) और कप्तान स्कॉट एडवडर्स (242 रन) के साथ कॉलिन एकरमैन (कुल 181 रन) पर निर्भर करेगी। भारत के तेज गेंदबाज शमी(कुल 16 विकेट), जसप्रीत बुमराह(कुल 15 विकेट), मोहम्मद सिराज (कुल दस विकेट) की त्रिमूर्ति के साथ बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव (कुल 12 विकेट) और रवींद्र जडेजा(कुल 14 विकेट) से पार पा एंजेलब्रेक्ट और एडवडर्स के लिए रन बनाना आसान नहीं होगा।

भारत के लिए नीदरलैंड के खिलाफ मैच में कुछ प्रयोग करने का मौका है क्योंकि इसके नतीजे से उस पर कोई फर्क नहीं पडने् वाला है। भारत बावजूद इसके अपने विजयी संयोजन से छेड़छाड़ नहीं करेगा क्योंकि 15 नवंबर को सेमीफाइनल में जीत के साथ उतरना चाहेगा। भारत चेन्नै में ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले ही मैच में मात्र दो रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद ही सही मायनों में नींद से ऐसी जागा कि फिर पलट कर पीछे नहीं देखा। भारत ने मौजूदा चैंपियन इंग्लैड के खिलाफ लखनउ में 229 रन बनाया लेकिन तब रफ्तार के सौदागर मोहम्मद शमी के पंजे की बदौलत गेदबाजी इकाई के रूप मे धार दिखा कर उसे सौ रन से जीत दिलाई। भारत अपने शुरू के सभी आठ मैच जीत कर सबसे पहले शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर चुका है। कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित के शुरू से ही बल्ले से दे दनादन , विराट के जोश के साथ होश और मात्र चार मैच खेल कर रफ्तार के सौदागर मोहम्मद शमी के दो %पंजो' सें कहर बरपा ताश की पत्तों की तरह प्रतिद्वंद्वी टीम के बिखेर विकेट ने भारत के विजयरथ को लगातार आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। विराट पर से कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बीते रविवार को शतक जडने् के साथ दुनिया में वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा 49 शतकों के सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी करने के साथ एक बहुत बड़ा %बोझ' उतर गया। विराट कोहली का किसी भी फॉर्मेट में शतक अब उन्हें दुनिया में क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट को मिलाकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुल सबसे ज्यादा शतकों के %शतक' जडने् वाले इकलौते बल्लेबाज बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर के रिकॉर्ड के औरकरीब और लाता जाएगा। विराट कोहली फिलहाल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट कुल मिलाकर 72 अंतर्राष्ट्रीय शतकों के साथ सचिन के बाद दूसरे नंबर पर है। विराट (कुल 543 रन) मौजूदा संस्करण में दो शतकों और चार अर्द्धशतकों के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने में सबसे ज्यादा चार शतक जडने् वाले दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक(कुल 591 रन) और न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र (कुल 565 रन) के बाद तीसरे भारत के लिए रन बनाने में पहले स्थान पर हैं। भारत के कप्तान रोहित शर्मा (कुल 442रन)अपने ही अंदाज में दे दनादन कर एक शतक और दो अर्द्धशतक के साथ रन बनाने में दूसरे स्थान पर हैं। श्रेयस अय्यर(कुल 292 रन) तीन अर्द्धशतक , केएल राहुल (कुल 245 रन) एक अर्द्धशतक, दो अर्द्धशतक जडने् वाले शुभमन गिल (कुल 219 रन) और हार्दिक पांडया के चोट के चलते बाहर होने से पिछले चार मैचों में मिले मौके को भुनाने वाले सूर्य कुमार यादव (कुल 85रन) और रवींद्र जडेजा (कुल 111 रन) जैसे ऑलराउंडर की मौजूदगी में भारत बड़ा लक्ष्य खड़ा करने और जीत के लिए बड़े लक्ष्य का पीछा करने में सक्षम हैं।

## इंग्लैंड ने पाकिस्तान को दिया 338 रन का लक्ष्य



**कोलकाता** 11 नवंबर (वार्ता) जो रूट (60) और बेन स्टोक्स (84) के बीच तीसरे विकेट के लिये 132 रन की साझीदारी की मदद से इंग्लैंड ने आईसीसी विश्वकप के अपने आखिरी लीग मुकाबले में शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट खोकर 337 रन बनाये।

ईडन गार्डन मैदान पर डाविड मलान (31) और जॉनी बेयरस्टो (59) ने 82 रन की पार्टनरशिप कर इंग्लैंड को मजबूत आधार दिया जबकि बाद में जो रूट और बेन स्टोक्स ने संयम का परिचय देते हुये अपनी टीम के स्कोर को बड़ा बनाने में महती योगदान दिया। शाहीन शाह अफरीदी की गेंद पर क्लीन बोल्ड होने से पहले स्टोक्स ने 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से अपनी टीम के लिये बेशकीमती रन जुटाये। मध्यक्रम की जान माने जाने वाले स्टोक्स का बल्ला भी आज खूब चला। वह अफरीदी की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर खड़े शादाब खान के हाथों लपके गये।

आखिरी के आठ ओवरों में हैरी ब्रूक (30) और कप्तान जॉस बटलर (27) ने गियर बदलते हुये रनो की रफ्तार को तेज कर दिया। ब्रूक ने 17 गेंदो की संक्षिप्त पारी में दो चौके और दो छक्के जड़े जबकि बटलर ने 18 गेंदो में तीन चौके और एक छक्का लगाया।

पाकिस्तान की ओर से हारिस रउफ ने 64 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि अफरीदी को 72 रन खर्च कर दो विकेट हासिल हुये। इफ्तिखार अहमद ने किफायती गेंदबाजी करते हुये 38 रन देकर एक विकेट झटका। डेविड विली (15) के रूप में मोहम्मद वसीम को एकमात्र विकेट 74 रन की कीमत पर हासिल हुआ। स्टेडियम में दस लाख से अधिक दर्शक ले चुके हैं विश्व कप का मजा।

## भारत के लिए कुछ डर हो सकते हैं : विव रिचर्ड्स



**दुबई,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। दो बार के विश्व कप विजेता सर विवियन रिचर्ड्स ने अजेय भारत से सकारात्मक रहने और हर कीमत पर आक्रमण करने का आग्रह किया है क्योंकि वे इस साल के आयोजन में अपना तीसरा खिताब जीतने का प्रयास कर रहे हैं। भारत ने इस साल विश्व कप के 13वें संस्करण में अगले सप्ताह सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए सभी आठ मैच जीते हैं।

रिचर्ड्स – जो अपने समय के सबसे तेजतर्रार और आक्रामक खिलाड़ियों में से एक के रूप में प्रसिद्ध हैं, उन्होंने 1975 और 1979 में वेस्टइंडीज को विश्व कप में सफलता दिलाई थी – वह चाहते हैं कि भारत अपनी ताकत के साथ खेलना जारी रखे और किसी भी नकारात्मक विचार से दूर रहे। रिचर्ड्स ने आईसीसी के लिए अपने कॉलम में कहा, भारत की मानसिकता है कि वे इसी तरह खेलते हुए आगे बढ़ सकते हैं।

यह निश्चित रूप से उनकी मानसिकता होनी चाहिए और अगर मैं उस ड्रेसिंग रूम में होता तो मेरी भी यही मानसिकता होती – आइए पूरी ताकत लगाकर बाहर निकलें। यह दृष्टिकोण अब तक काम कर चुका है और अगर यह बदलता है, तो चीजें भटक सकती हैं। मेरा मानना है कि वे हर तरह से अजेय रह सकते हैं, जिसके लिए वास्तव में प्रयास करना चाहिए। कुछ डर हो सकता है कि %हमने अब तक बहुत अच्छा खेला है, सेमीफाइनल में खराब खेल हो सकता है। उन्हें खत्म करने की कोशिश करनी होगी और किसी भी नकारात्मक विचार को खत्म करना होगा। जबकि विराट कोहली लंबे समय से रिचर्ड्स के पसंदीदा हैं, वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि उन्हें शुभमन गिल भी पसंद है क्योंकि भारत के सलामी बल्लेबाज उन्हें याद दिलाते हैं कि वह कैसे खेलते थे।

गिल पिछले हफ्ते वनडे बल्लेबाज रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी बन गए जब उन्होंने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया, जबकि रिचर्ड्स ने वनडे क्रिकेट के इतिहास में सर्वोच्च रेटिंग हासिल की जब उन्होंने 1985 के अंत में कुल 935 रेटिंग अंक दर्ज किए। रिचर्ड्स ने कहा, शुभमन गिल एक और खिलाड़ी हैं जो स्टाइल के साथ बल्लेबाजी करते हैं और वह उन खिलाड़ियों में से एक हैं जिनके पास सभी बड़े शॉट हैं। मैं बस यही उम्मीद कर रहा हूं कि कोई यह न भूले कि विवियन रिचर्ड्स नाम का एक लड़का बिना हेलमेट के था जो बाहर जाता था और कभी-कभी इसी तरह खेलता था!

आज खेले गए कुछ शॉट ऐसे हैं जिनके बारे में मुझे लगता है कि मेरे पास मेरे शस्त्रागार में थे, शायद रिवर्स स्वीप के अपवाद के साथ, लेकिन हेलमेट के बिना यह मूर्खतापूर्ण होता। मुझे लगता है कि मेरी स्कोरिंग दर आज खेल रहे खिलाड़ियों के बराबर है, हालांकि खेल काफी आगे बढ़ चुका है – एक

## हेलमेट के मुद्दे पर अंपायरों को तुरंत सचेत करने पर मैथ्यूज टाइम आउट से बच जाते : एमसीसी

**लंदन,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। मैरीलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने कहा है कि बांग्लादेश के खिलाफ 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज को टाइम आउट करार देने का अंपायर का फैसला सही था और साथ ही कहा कि अगर आलराउंडर ने अपने हेलमेट में समस्या के बारे में मैदानी अंपायरों को सचेत कर दिया होता तो आउट होने से बचा जा सकता था। 6 नवंबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मैथ्यूज सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टाइम आउट पर आउट होने वाले पहले क्रिकेटर बन गए। उन्हें गार्ड लेने में देरी का सामना करना पड़ा क्योंकि उनके हेलमेट का पट्टा टूट गया था और मैथ्यूज ने प्रतिस्थापन हेलमेट के लिए डगआउट को संकेत दिया। इसने बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन को टाइम-आउट की अपील करने के लिए प्रेरित किया, जिसके बाद ऑन-फील्ड अंपायरों ने मैथ्यूज को उस मोड़ से आउट घोषित कर



दिया, जिससे इसके आसपास कई राय पैदा हुईं, खासकर घटना के बाद। एमसीसी कानून 40.1.1 कहता है, विकेट गिरने या बल्लेबाज के रिटायर होने के बाद, आने वाले दूसरे बल्लेबाज को 3 मिनट के भीतर अगली गेंद प्राप्त करने के लिए तैयार रहना चाहिए। यदि यह आवश्यकता पूरी नहीं होती है, तो आने वाला बल्लेबाज टाइम आउट हो जाएगा। लेकिन विश्व कप खेलने की परिस्थितियों के कारण प्रासंगिक समय तीन मिनट से दो मिनट हो गया। इस अवसर पर, कानून का मुख्य हिस्सा यह है कि बल्लेबाज को गेंद प्राप्त करने के लिए तैयार रहना चाहिए। टाइम आउट होने से बचने के लिए मैदान पर या यहां तक कि विकेट पर होना भी पर्याप्त नहीं है। बल्लेबाज को निर्धारित समय के भीतर गेंदबाजी का सामना करने में सक्षम होने की स्थिति में होना चाहिए। अंपायरों ने निर्धारित किया कि मैथ्यूज दो मिनट के अंतराल के भीतर गेंद का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे। बाद में उनके हेलमेट में एक समस्या आ गई, जिससे और देरी हुई।

एमसीसी ने अपने बयान में कहा, अगर अंपायरों को दो मिनट के भत्ते के भीतर एक महत्वपूर्ण, उचित, उपकरण-संबंधी देरी के बारे में सूचित किया गया होता, तो वे इसे एक नए प्रकार की देरी के रूप में मान सकते थे (जैसा कि वे तब करते हैं, उदाहरण के लिए, बल्ला टूट जाता है), संभवत: यहां तक कि टाइम को कॉल करना, बल्लेबाज को टाइम आउट होने के जोखिम के बिना उस देरी के समाधान की अनुमति देता है। हालाँकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि दोनों अंपायरों ने निर्धारित किया कि देरी दो मिनट बीत जाने के बाद हुई, और अपील से पहले टाइम नहीं बुलाया गया था। मैच के बाद, मैथ्यूज ने माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साक्ष्य पोस्ट किया, जिसमें दिखाया गया कि उनके पास क्रीज पर अपनी स्थिति लेने के लिए पांच सेकंड और थे। लेकिन एमसीसी ने फैसले पर मैदानी अंपायरों का समर्थन किया। 30-यार्ड सर्कल तक पहुंचने में 90 सेकंड से अधिक समय लगने के बाद, मैथ्यूज ने देखा कि उनके पास समय की कमी थी, और अंतिम कुछ गज की दूरी पर विकेट के लिए दौड़ पड़े। यह दिखाया गया है कि उनके हेलमेट में खराबी पिछला विकेट गिरने के 1 मिनट 54 सेकंड बाद हुई थी। इस स्तर पर, उन्होंने बचाव करना शुरू नहीं किया था और गेंद प्राप्त करने की स्थिति में भी नहीं थे। जब हेलमेट टूटा, तो ऐसा प्रतीत होता है कि मैथ्यूज ने अंपायरों से परामर्श नहीं किया, जो एक खिलाड़ी से नए उपकरण मांगते समय करने की अपेक्षा की जाती है। बल्कि, उन्होंने ड्रेसिंग रूम को रिप्लेसमेंट के लिए सिर्फ इशारा किया। अगर उसने अंपायरों को बताया होता कि क्या हुआ था और इसे सुलझाने के लिए समय मांगा होता, तो शायद वे उसे हेलमेट बदलने की इजाजत दे देते, शायद टाइम को बुलाते और इस तरह टाइम आउट होने की कोई भी संभावना खत्म हो जाती।

### आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | 0 | 0 | 16 |
| दक्षिण अफ्रीका | 9 | 7 | 2 | 0 | 14 |
| ऑस्ट्रेलिया | 9 | 7 | 2 | 0 | 14 |
| न्यूजीलैंड | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 |
| इंग्लैंड | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |
| बांग्लादेश | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |
| श्रीलंका | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |

## सार संक्षेप

### एक चीज जो हमने अच्छी की वह यह कि हमने कभी भी क्लस्टर में विकेट नहीं खोए : डुसेन

**अहमदाबाद।** 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में, दक्षिण अफ्रीका के लिए पहले बल्लेबाजी की तुलना में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना अच्छा नहीं रहा। पाकिस्तान पर एक विकेट से जीत को छोड़कर, दक्षिण अफ्रीका नीदरलैंड और भारत के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए हार गया था। लेकिन शुक्रवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान के खिलाफ 245 रनों का सफलतापूर्वक पीछा किया और सेमीफाइनल से पहले अपने आखिरी लीग मैच में पांच विकेट से जीत हासिल की। सफल लक्ष्य का नेतृत्व रैसी वान डेर डुसेन ने किया, जिन्होंने 95 गेंदों में नाबाद 76 रन बनाए। इस मैच में आकर, हम खुद को उस स्थिति में रखना चाहते थे। इसलिए अगर हम टॉस जीतते तो हम वैसे भी गेंदबाजी करते, क्योंकि हम खुद को उस स्थिति में रखना चाहते थे, यह जानते हुए कि उनके पास विशेष रूप से एक मजबूत स्पिन आक्रमण है। मुझे लगता है कि यह काफी हद तक नियंत्रित था। एक या दो घबराहट वाले क्षण थे, लेकिन पीछा करने में ऐसा हमेशा होता है। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आपको बस आने वाले लोगों से अच्छी तरह से संवाद करना होगा। एक चीज जो हमने अच्छी तरह से की है वह यह है कि हमने कभी भी क्लस्टर में विकेट नहीं खोए। जो भी आया उसने थोड़ी-बहुत साझेदारी की और इसे करीब-करीब ख़त्म किया। ऐसा करने से, वे वास्तव में कभी भी मैच में नहीं थे। भले ही ऐसा लग रहा हो कि जब हमें लगभग 50-50 की जरूरत थी, हाथ में पांच विकेट होने पर, आप दस में से नौ बार वहां पहुंचने वाले हैं।

### लक्ष्य का पीछा करने से आत्मविश्वास में हुई वृद्धि : बावुमा

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा कि आज खेले गये मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत से आत्मविश्वास में वृद्धि,हुई है। बावुमा ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करना हमें काफ़ी आत्मविश्वास देगा और हम इसी आत्मविश्वास के साथ सेमीफाइनल में जा रहे है। हम इस पर भी विचार करेंगे कि खेल के किसी भी क्षेत्र में पिछड़े रहे है। इतनी बड़े मैदानों में दर्शकों की भारी संख्या के बीच खेलने का अनुभव अलग है। हम वापस इस मैदान में आकर फ़ाइनल खेलना चाहेंगे। वहीं अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने कहा कि एक कप्तान के तौर पर मुझे अपनी टीम के प्रदर्शन पर गर्व है। हम हर मैच में अंत तक लड़े। यह हमारे लिए बड़ी सीख है। इस टूर्नामेंट में हमारे बल्लेबाज़ों ने अच्छा प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेंट से पहले हमारे बल्लेबाज़ संघर्ष कर रहे थे। हम भविष्य में इसी टूर्नामेंट के मोमेंटम को आगे ले जाने की कोशिश करेंगे। हम ने अपने प्रदर्शन से दुनिया को एक संदेश दिया है।

## मार्श का तूफानी शतक, ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को धो डाला

**पुणे,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। मिचेल मार्श (नाबाद 177) के तूफानी शतक और डेविड वार्नर (53) तथा स्टीव स्मिथ (नाबाद 63) के शानदार अर्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को शनिवार को विश्व कप मुकाबले में आठ विकेट से धो डाला।



बांग्लादेशी टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने आखिरी लीग मैच में 50 ओवर में आठ विकेट पर 306 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया लेकिन ऑस्ट्रेलिया को रोक पाने का दम उसकी गेंदबाजी में नहीं था। ऑस्ट्रेलिया ने 44.4 ओवर में दो विकेट पर 307 रन बनाकर जीत अपने नाम की। मार्श को प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार मिला। मार्श ने विस्फोटक अंदाज में खेलते हुए 132 गेंदों पर 17 चौकों और नौ छक्कों की मदद से नाबाद 177 रन ठोके और टीम को आसान जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया। ट्रेविस हेड (10) को जल्दी गंवाने के बाद मार्श ने वार्नर के साथ दूसरे विकेट के लिए 120 रन जोड़े। मार्श ने फिर तीसरे विकेट के लिए स्मिथ के साथ 175 रन की अविजित साझेदारी कर बांग्लादेश को ध्वस्त कर दिया।

वार्नर ने 61 गेंदों पर 53 रन में छह चौके लगाए जबकि विजयी चौका मारने वाले स्मिथ ने 64 गेंदों पर नाबाद 63 रन में चार चौके और एक छक्का लगाया। ऑस्ट्रेलिया ने नौ मैचों में लगातार सात जीत के साथ लीग चरण अभियान समाप्त किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली बार विश्व कप में 300 या उससे अधिक रनों का स्कोर हासिल किया है। वह तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। ऑस्ट्रेलिया ने एक शानदार जीत दर्ज की है। बांग्लादेश ने बल्लेबाज़ी में अच्छे हाथ दिखाए, लेकिन गेंदबाज़ों ने उतना सहयोग नहीं दिया। ट्रैविस हेड का विकेट काफ़ी जल्दी निकालने के बाद बांग्लादेश के पास मौका था, लेकिन डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को मैच में वापस लाने का काम किया। मार्श की पारी ने सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया के आत्मविश्वास को और बढ़ाने का काम किया है।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश के शीर्ष और मध्य क्रम के सभी बल्लेबाजों ने क्रीज पर आने के बाद विकेट पर समय बिताया और टीम के 300 से ऊपर के स्कोर में अपना योगदान दिया।

तौहीद हृदोय ने 79 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से सर्वाधिक 74 रन बनाये। कप्तान नजमुल शान्तो ने 45, लिटन कुमार दास ने 36,तंज़िद हसन ने 36 और महमुदउल्लाह ने 32 रन बनाये जबकि मुशफिकुर रहीम ने 21 और मेहदी हसन मिराज़ ने 29 रन बनाये। बांग्लादेश के तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। दूसरी ड्रिंक्स के समय लग रहा था कि बांग्लादेशी टीम 350 के स्कोर तक पहुंच सकती है, क्योंकि वे 6 से ऊपर के रन रेट से रन बना रहे थे और उनके सात विकेट शेष थे। लेकिन मार्नस लाबुशेन के दो बेहतरीन रन आउट ने पारी के मोमेंटम को पलटा और उन्हें 300 के ऊपर के ही स्कोर से संतोष करना पड़ा।

अधिकतर बांग्लादेशी बल्लेबाज़ों को अच्छी शुरुआत मिली थी, लेकिन तौहीद हृदोय को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज़ अर्धशतक पूरा नहीं कर सका। अपना पहला विश्व कप मैच खेल रहे शॉन एबट ने अंत में अपनी स्लोअर शॉर्ट गेंदों से बांग्लादेशी बल्लेबाज़ों को बांधे रखा, वहीं एडम ज़म्पा एक बार फिर से फ़ील्ड में बेहतरीन रहे।

## स्टेडियम में दस लाख से अधिक दर्शक ले चुके हैं विश्व कप का मजा

**मुबंई** 11 नवंबर (एजेंसियां)। दस लाख से अधिक क्रिकेट प्रेमी अब तक मौजूदा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप का स्टेडियम में बैठ कर लुफ्त उठा चुके हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच के दौरान दस लाखवां प्रशंसक टर्नस्टाइल के माध्यम से आया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को अब तक के सबसे बड़े विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करते देखने के लिए प्रशंसक भारत भर के दस स्टेडियमों में उमड़ रहे हैं। आईसीसी को भरोसा है कि दर्शकों के मैदान की ओर रूख करने की यह रफ्तार 15 और 16 नवंबर को होने वाले सेमीफाइनल तक जारी रहने वाली है, जिसके बाद 19 नवंबर को फाइनल होगा। टीवी और मोबाइल फोन पर दर्शकों की संख्या पहले ही विश्व कप के सभी रिकार्ड ध्वस्त कर चुकी है। इस उपलब्धि पर आईसीसी के हेड ऑफ इवेंट्स क्रिस टेटली ने कहा, एक मिलियन से अधिक रिकॉर्ड-तोड़ दर्शकों के साथ विश्व कप ने दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को वनडे प्रारूप में समर्थन और रुचि की याद दिला दी है, जो इस पर प्रकाश डालता है। उन्होने कहा, विश्व कप क्रिकेट को कितना महत्व दिया जाता है. जैसा कि हम नॉकआउट चरण की ओर देख रहे हैं। हम आशा करते हैं कि यह आयोजन अधिक रिकॉर्ड तोड़ेगा और एक दिवसीय क्रिकेट के बारे में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा।